उर्दू का परिचयात्मक व्याकरण

उर्दू का परिचयात्मक व्याकरण

रविन्द्र गर्गेश
चन्द्रशेखर

क़ौमी काउन्सिल बराए फ़रोग़-ए-उर्दू ज़बान
मानव संसाधन विकास मंत्रालय, माध्यमिक एंव उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार
पश्चिमी खंड न. 1, विंग न. 6, राम कृष्ण पुरम, नई दिल्ली - 110066

© कौमी काउन्सिल बराए फ़रोग़-ए-उर्दू ज़बान, नई दिल्ली

उर्दू का परिचयात्मक व्याकरण

रविन्द्र गर्गेश

चन्द्रशेखर

प्रथम संस्करण	:	अगस्त 2005
मूल्य	:	रू. 56
प्रतियाँ	:	3000
पब्लिकेशन सं.	:	1232

ISBN : 81-7587-100-8

लेसर टाईप सेटिंग : मल्टी लिंगवल सोल्यूशन्स
मुद्रण : एस. नारायण एंड सन्स, बी.-88, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फ़ेज़-II, नई दिल्ली-110020

कौमी काउन्सिल बराए फ़रोग़-ए-उर्दू ज़बान
मानव संसाधन विकास मंत्रालय, माध्यमिक एंव उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार
पश्चिमी खंड न. 1, विंग न. 6, रा.कृ. पुरम, नई दिल्ली - 110066

प्राक्कथन

कौमी काउन्सिल बराए फरोग–ए–उर्दू जबान, उर्दू भाषा के विकास, विस्तार एवं प्रसार के लिए स्थापित मानव संसाधन विकास मंत्रालय, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था है। शिक्षा के आधुनिकीकरण के संदर्भ में काउन्सिल का उत्तरदायित्व वैज्ञानिकी एवं तकनीकी विकास तथा नई विचार धारा से संबंधित पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध कराना है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए काउन्सिल ने दूरस्थ पद्धति से उर्दू सिखाने के लिए एक सर्टिफ़िकेट कोर्स आरंभ करने का निश्चय किया है। विभिन्न विश्वविद्यालयों, संस्थानों एवं हमारे स्वयं काउन्सिल में कार्यरत, चुने हुए विद्वानों से एक विशेषज्ञ कार्यदल का गठन किया गया। प्रो. गोपी चन्द नारंग की अध्यक्षता में इस कार्यदल ने इस सामग्री को जाँचा और इस पर विचार विमर्श किया। आशा की जाती है कि इससे दूरस्थ पद्धति द्वारा उर्दू सीखने की व्यापक माँग को पूरा किया जा सकेगा।

प्रस्तुत पुस्तक दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. रविन्द्र गर्गेश तथा डॉ. चन्द्रशेखर के द्वारा लिखी गई है। इसमें भाषा के विन्यास पर विभिन्न प्रकार से विवेचन किया गया है। कमेटी ने कोशिश की है कि प्रस्तुत पुस्तक को यथासंभव साधारण रूप में पेश किया जाए। जहां जहां तकनीकी शब्दावली को प्रयोग में लाया गया है वहां वहां उसे साधारण शब्दों में समझाया भी गया है। विवेचन के लिए साधारण एवं आसानी से समझ में आ जाने वाली भाषा अपनाई गई है।

आशा है कि सभी आवश्यक तत्व जिनको ध्यान मे रखते हुए यह पुस्तक तैयार की गई है इसमें उपलब्ध होंगे और यह पुस्तक उर्दू के सीखने वालों के लिए मूल्यवान सिद्ध होगी।

डॉ. एम. हमीदुल्लाह भट्

निदेशक

विषय सूची

खंड 1 — 9

- इकाई 1 उर्दू की वाक्य सरचना — 10
- इकाई 2 सज्ञा पदबंध — 17
- इकाई 3 क्रिया पदबंध — 22

खंड 2 — 28

- इकाई 1 सज्ञा — 29
- इकाई 2 सर्वनाम — 43
- इकाई 3 विशेषण — 58
- इकाई 4 सख्यांक — 70

खंड 3 — 78

- इकाई 1 वर्तमानकाल, भूतकाल (सामान्य, घटमान और सभावनार्थ तथा भविष्य रूप) — 79
- इकाई 2 पूर्णकालिक क्रिया रूप — 91
- इकाई 3 आश्रित, संभाव्य, आज्ञार्थक, भावार्थक एव वृत्ति — 100
- इकाई 4 सकर्मक, अकर्मक, व्युत्पन्न सकर्मक तथा प्रेरणार्थक क्रिया रूप — 109

खंड 4 119

इकाई 1 परसर्ग 120

इकाई 2 कर्म वाच्य रचना 134

इकाई 3 सामान्य, संयुक्त एवं संयोजी क्रियाएं 139

इकाई 4 क्रिया विशेषण 144

खंड 5 156

इकाई 1 उर्दू वाक्य अभिरचना – 1 157

इकाई 2 उर्दू वाक्य अभिरचना – 2 165

इकाई 3 संयुक्त वाक्य 176

इकाई 4 सम्मिश्र वाक्य 186

खंड 1

इस खंड में आप उर्दू के वाक्य–विन्यास के बारे में पढ़ेंगे। आप जानते है कि बोलते या लिखते समय हम अपनी इच्छानुसार शब्दों का क्रम तय नहीं कर सकते क्योंकि भाषा का अपना एक ढाचा होता है। किसी भी भाषाई ढाचे को जानने के लिए हमें उस भाषा की वाक्य संरचना को समझना पड़ता है। वाक्य संरचना को हम पदबंधों के गठन और योजन से देखते है। उर्दू के पदबंध वाक्य–विन्यास को हम इस खंड में संज्ञा पदबंध तथा क्रिया पदबंध इकाईयों में पढ़ेंगे। आगामी खंडों मे वाक्य–विन्यास से संबंधित सभी घटकों पर प्रकाश डाला जाएगा। व्याकरण संबंधी सभी विषयों को उदाहरणों के द्वारा समझाया जाएगा।

इस खंड को तीन इकाईयों में विभाजित किया गया है।

इकाई 1 : उर्दू की वाक्य संरचना

इकाई 2 : संज्ञा पदबंध

इकाई 3 : क्रिया पदबंध

प्रत्येक इकाई के अंत मे स्वयं–परीक्षण अभ्यास के रूप मे अभ्यास–1 दिया गया है जिसे इकाई के पठन उपरान्त पूरा करना है। अभ्यास–1 के प्रश्नो की कुंजी खंड के अन्त मे दी गई है। स्वयं परीक्षण अभ्यास के अतिरिक्त अभ्यास–2 दिया गया है जिसके उत्तर विद्यार्थी एक अलग पृष्ठ पर लिख कर काउन्सिल को भेजें। प्रयुक्त शब्दो के अर्थ शब्दावली के रूप मे पुस्तक के अंत मे दिए गए है।

इकाई 1
उर्दू की वाक्य संरचना

संरचना

1.1.0 उद्देश्य

1.1.1 भूमिका

1.1.2 वाक्य संरचना

1.1.3 कर्ता तथा विधेय

1.1.4 कर्ता–क्रिया अन्विति

1.1.0 उद्देश्य

इस इकाई को ध्यानपूर्वक पढ़ने के उपरांत आप निम्नलिखित बातें समझ पाएंगे

- उर्दू की बुनियादी वाक्य संरचना
- कर्ता तथा विधेय की संकल्पना
- कर्ता – क्रिया अन्विति
- कर्म का वाक्य में स्थान एवं प्रकार्य

1.1.0 भूमिका

आप जानते हैं कि उर्दू बोलते अथवा लिखते समय हम अपनी इच्छानुसार शब्दों का क्रम नहीं बना सकते। यह इसलिए है कि बोलने तथा लिखने में शब्दो की एक पृथक अभिरचना होती है। यही अभिरचना शैली हम सभी इस्तेमाल करते हैं। अगर हम इस बुनियादी अभिरचना को बदल दें तो संभवतः वाक्य उचित न

लगे अथवा स्वीकार्य न हो। इस इकाई में हम उर्दू की वाक्य संरचना पर प्रकाश डालेंगे।

सभी व्याकरणिक कोटियां जैसे संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, क्रिया–विशेषण आदि सभी वाक्य संरचना में अपने यथोचित स्थान पर आती हैं। वास्तव में इन सभी कोटियों की परिभाषा वाक्य में इनके प्रकार्य से स्पष्ट हो जाती है। अतः यह पाठ उर्दू के बुनियादी वाक्य संरचना के विशलेषण से शुरू होता है।

1.1.2 वाक्य संरचना

सभी भाषाएं संरचना से संबंधित तत्वों को आधार बनाकर देखी जाती है। भाषा विशेष के व्याकरण की रचना में वाक्य सबसे प्रमुख इकाई मानी गई है। नीचे लिखे दो वाक्यों को देखिए

(1) لڑکا آیا

लड़का आया

(2) لڑکا آم کھاتا ہے

लड़का आम खाता है

वाक्य (1) में لڑکا (लड़का) संज्ञा तथा آیا (आया) क्रिया है। वाक्य के प्रारंभ में प्रयुक्त संज्ञा कर्ता तथा क्रिया रूप क्रिया ही कहलाती है। वाक्य (2) में शब्द لڑکا (लड़का) तथा آم (आम) संज्ञाएं हैं क्रिया रूप کھاتا ہے (खाता है) है। इस वाक्य में क्रिया करने वाली संज्ञा को 'कर्ता', لڑکا (लड़का), तथा की गई क्रिया کھاتا ہے (खाता है) को 'क्रिया' और अन्य संज्ञा آم (आम) जिस पर क्रिया की गई हो को '**कर्म**' कहते हैं। अतः यह कहा जा सकता है कि उर्दू वाक्य के दो संरचनात्मक रूप हैं

1. कर्ता क्रिया

अथवा

2. कर्ता कर्म क्रिया

1.1.3 कर्ता एवं विधेय

परंपरानुसार वाक्य–संरचना के दो भाग हैं कर्ता तथा विधेय। नीचे दिए गए वाक्य देखिए :

लड़का आया

لڑکا آیا (1)

लड़की आई

لڑکی آئی (2)

वाक्य (1) तथा (2) में संज्ञा لڑکا (लड़का) और لڑکی (लड़की) क्रमशः कर्ता तथा क्रिया रूप آیا/آئی (आया/आई) विधेय हैं। एक अन्य वाक्य देखिए :

لڑکی آم کھاتی ہے (3)

लड़की आम खाती है

वाक्य (3) में لڑکی (लड़की) कर्ता तथा آم کھاتی ہے (आम खाती है) विधेय हैं। अतः 1. 2 इकाई में हम ने कर्ता–क्रिया अथवा कर्ता–कर्म–क्रिया घटकों पर आधारित उर्दू वाक्य–संरचना का वर्णन पढ़ा है। अच्छा यही है कि हम कर्ता–विधेय के स्थान पर वाक्य को उपरोक्त घटकों के रूप को प्रयोग में लाएं ताकि क्रिया एवं कर्म इकाइयों का स्पष्ट ज्ञान हो सके।

1.1.4 कर्ता–क्रिया अन्विति

उर्दू में क्रिया (तथा विशेषण भी) लिंग द्योतक (स्त्री लिंग अथवा पुल्लिग) के साथ प्रयुक्त होती है। सामान्यतः लिंग द्योतक (मार्कर) कर्ता के लिंग अनुरूप होते हैं। सभी कर्ता (संज्ञाएं) या तो पुल्लिग होते हैं अथवा स्त्रीलिंग। नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

لڑکا آیا (1)

लड़का आया

لڑکی آئی (2)

लड़की आई

دروازہ کھلا (3)

दरवाजा खुला

کھڑکی کھلی (4)

खिड़की खुली

ध्यान से देखें कि वाक्य (1) तथा (3) में क्रिया के अंत में लिंग द्योतक /आ/ आया है। यह पुल्लिंग मार्कर (द्योतक) है। यह द्योतक

सजीव जैसे لڑکا (लड़का) तथा निर्जीव जैसे, دروازہ (दरवाज़ा) दोनों के लिए है। वाक्य के क्रिया रूप में स्त्रीलिंग द्योतक 'ی' /ई/ का प्रयोग हुआ है अतः सजीव संज्ञा के स्थान पर स्त्रीलिंग द्योतक जैसे لڑکی (लड़की) के साथ, तथा निर्जीव संज्ञा کھڑکی (खिड़की) के साथ प्रयोग में लाया गया है। इसका कारण यह है कि لڑکا (लड़का) तथा دروازہ (दरवाज़ा) दोनों पुल्लिंग हैं और لڑکی (लड़की) तथा کھڑکی (खिड़की) स्त्रीलिंग हैं।

एक अन्य प्रकार की अन्विति कर्ता बहुवचन और क्रिया (तथा विशेषण भी) के बीच में भी इसी प्रकार से बनती हैं। उदाहरणतः नीचे दिए गए वाक्य देखिए

(5) لڑکے آئے

लड़के आए

(6) دروازے کھلے

दरवाज़े खुले

(7) لڑکیاں آئیں

लड़कियाँ आईं

(8) کھڑکیاں کھلیں

खिड़कियाँ खुलीं

ऊपर लिखे सभी वाक्यों में क्रिया तथा संज्ञा के साथ बहुवचन द्योतक जुड़ा हुआ है। इसमें से संज्ञा के साथ जुड़े बहुवचन द्योतक का विवेचन खंड 2 की प्रथम इकाई में किया जाएगा। अपितु इतना बताना काफी है कि संज्ञा के साथ जुड़े ے /ए/ से पुल्लिंग बहुवचन का पता चलता है जैसे لڑکے (लडके) तथा آئے (आए) एवं کھلے (खुले) तथा ے /ए/ क्रिया के साथ जुड़कर भी पुल्लिंग बहुवचन का द्योतक बनता है। लेकिन स्त्रीलिंग बहुवचन द्योतक یاں /यां/ है जैसे, لڑکیاں (लडकियाँ) तथा کھڑکیاں (खिड़कियाँ)। इसी प्रकार क्रिया के अन्त में ئیں /ईं/ जुड़ने से स्त्रीलिंग बहुवचन बनता है जैसे آئیں (आईं) तथा کھلیں (खुलीं)। कर्ता–क्रिया अन्विति को निम्नलिखित वाक्यों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है :

(9) لڑکا آم کھاتا ہے

लड़का आम खाता है

(10) لڑکی آم کھاتی ہے

लड़की आम खाती है

वाक्य (9) तथ (10) में क्रिया के पुल्लिंग एंव स्त्रीलिंग द्योतक कर्ता–लिंग को दर्शाते हैं न कि कर्म–लिंग को, जैसे कि ऊपर लिखित वाक्य (10) में कर्म अर्थात آم (आम) पुल्लिंग परन्तु क्रिया कर्ता के अनुसार स्त्रीलिंग है।

अभ्यास – 1

---

1. नीचे लिखे वाक्यों में कर्ता, कर्म तथा क्रिया रूपों की पहचान कर दिए गए खाली स्थान में लिखें :

   لڑکا گیا　　**लड़का गया**　　**(क)**

   कर्ता : ....

   क्रिया : ....

   لڑکا سیب کھاتا ہے　　**लड़का सेब खाता है**　　**(ख)**

   कर्ता : ....

   क्रिया : ....

   कर्म : ....

   حامد کتاب پڑھتا ہے　　**हामिद किताब पढ़ता है**　　**(ग)**

   कर्ता : ....

   क्रिया : ....

   कर्म : ....

2. नीचे लिखे वाक्यो के बहुवचन रूप ख़ाली स्थान में लिखें :

   एकवचन　لڑکا کیلا کھاتا ہے　　लड़का केला खाता है　　(क)

   बहुवचन ....

   एकवचन　لڑکی سیب کھاتی ہے　　लड़की सेब खाती है।　　(ख)

   बहुवचन ....

3. नीचे के वाक्यो में कर्ता तथा विधेय की पहचान कर दिए गए ख़ाली स्थान में लिखें :

حامد گیا	**हामिद गया**	(क)

कर्ता : ....

विधेय: ....

لڑکا آم کھاتا ہے	**लड़का आम खाता है**	(ख)

कर्ता : ....

विधेय : ....

4. नीचे के वाक्यों में दिए गए ख़ाली स्थान में लिखें कि कर्ता तथा क्रिया के बीच लिंग अन्विति है या नहीं :

हां	नहीं		
....	....	لڑکی آیا	(क)
....	....	لڑکا آئی	(ख)
....	....	حامد سیب کھاتا ہے	(ग)
....	....	سیما کتاب پڑھتی ہے	(घ)

अभ्यास – 2

---

1. नीचे लिखे वाक्यों में कर्ता तथा विधेय की पहचान करके लिखे :

(क) حامد سیب کھاتا ہے

कर्ता : ....

विधेय : ....

(ख) لڑکا گیا

कर्ता : ....

विधेय : ....

2. नीचे के वाक्यों को कर्ता–क्रिया अन्विति के अनुसार लिखें :

لڑکا	آئی
حامد	کھلی
سیما	جاتا ہے
دروازہ	آیا
کھڑکی	کھلا

3. नीचे दिए गए शब्दों से कर्ता–क्रिया अथवा कर्ता–कर्म–क्रिया घटकों वाले तीन वाक्य बनाइए :

آیا کتاب حامد کھاتی ہے احمد
پڑھتی ہے پڑھتا ہے سیما کھاتا ہے آم

....

....

....

....

इकाई 2

संज्ञा पदबंध

संरचना :

1.2.0 उद्देश्य
1.2.1 भूमिका
1.2.2 केवल संज्ञा से बना संज्ञा पदबंध
1.2.3 संज्ञा एवं विशेषण से निर्मित संज्ञा पदबंध
1.2.4 संज्ञा एवं विशेषक पदबंधों से निर्मित संज्ञा पदबंध
1.2.5 कर्ता पदबंध बतौर कर्ता, मुख्य कर्म एवं गौण कर्म

1.2.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के उपरांत आप वाक्य के घटकों में संज्ञा पदबंध का महत्त्व समझ लेंगे। इसके अतिरिक्त आप

- संज्ञा पदबंध की अभिरचना समझ सकेंगे
- जान पायेंगे कि संज्ञा पदबंध में उचित स्थान कर्ता अथवा कर्म घटकों का है
- संज्ञा पदबंध में व्याकारणिक घटक जैसे संज्ञा तथा विशेषण का स्थान भी जान लेंगे

1.2.1 भूमिका

आप इकाई–1 में पढ़ चुके हैं कि वाक्य के दो भाग होते हैं। संज्ञा पदबंध तथा क्रिया पदबंध। इस इकाई में आप संज्ञा पदबंध के विषय में पढ़ेंगे। क्रिया पदबंध के विषय में इकाई–3 में विवेचन होगा। संज्ञा पदबंध वाक्य की वह इकाई है जो कर्ता तथा कर्म दोनों रूपों में कार्य करती है।

1.2.2 केवल संज्ञा से बना संज्ञा पदबंध

वाक्य की इकाई के रूप में संज्ञा पदबंध, जो प्रायः कर्ता अथवा कर्म के घटकों से बनता है, एक संज्ञा जैसे, لڑکا (लड़का), لڑکی (लड़की) अथवा कुछ अन्य जातिवाचक या व्यक्तिवाचक संज्ञा अथवा सर्वनाम होते हैं। जैसे,

وہ	آپ	ہم	تم	میں
वो	आप	हम	तुम	मैं

(संज्ञा की व्याख्या खंड–2 की इकाई–1 में सर्वनाम की खंड़ – 2 की इकाई – 2 में की जाएगी)

संज्ञा पदबंधों को प्रारंभ करने वाले शब्द पदबंध प्रमुख कहलाते हैं। कभी–कभी यह एकल शब्द के रूप में प्रयुक्त होते हैं जैसे;

(1) احمد آیا

अहमद आया

(2) لڑکی انار کھاتی ہے

लड़की अनार खाती है

वाक्य (1) तथा (2) में احمد (अहमद) और لڑکی (लड़की) संज्ञा हैं जो कि दो अलग–अलग वाक्यों में कर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। वाक्य (2) में انار (अनार) संज्ञा है जो कर्म रूप है। यह एकल शब्द अपने–आप में संज्ञा पदबंध हैं।

1.2.3 संज्ञा तथा विशेषण से निर्मित संज्ञा पदबंध (संप.)

संज्ञा पदबंध (संप.) में संज्ञा (सं.) परिवर्तित होकर बृहत संज्ञा पदबंध बन सकता है। इसको बृहत रूप देने का एक तरीका यह है कि इससे पूर्व एक विशेषक (विशेषण=वि.) जोड़ दिया जाए, जैसे,

(1) لڑکا ٹھنڈا پانی پیتا ہے

सं. वि. सं.

संप.

लड़का ठंड़ा पानी पीता है

(2) دادی گرم چائے پیتی ہے

सं. वि. सं.

संप.

दादी गर्म चाय पीती है

वाक्य (1) तथा (2) में ٹھنڈا (ठंडा) तथ گرم (गर्म) विशेषण हैं। پانی (पानी) तथा چائے (चाय) के पूर्व इन विशेषणों के जुड़ने से संज्ञा, संज्ञा पदबंध में अर्थात विशेषण+संज्ञा में परिवर्तित हो जाती है।

1.2.4 संज्ञा एवं विशेषक पदबंधों से निर्मित संज्ञा पदबंध

संज्ञा पदबंध अन्य शब्दों से भी बन सकता है, जैसे संज्ञा तथा विशेषण पदबंध जो संज्ञा से पूर्व संयोजित किया गया हो। विशेषण पदबंध विशेषण और क्रिया विशेषण के संयोजन से बन सकता है जिसका प्रधान शब्द विशेषण ही होता है। उदाहरणत :

(10) بازار میں بہت اچھا سامان بکتا ہے

बाजार मे बहुत अच्छा सामान बिकता है

(2) لڑکا بہت اچھی کتاب پڑھتا ہے

लड़का बहुत अच्छी किताब पढ़ता है

वाक्य (1) मे विशेषक पदबंध بہت اچھا (बहुत अच्छा) तथा (2) मे بہت اچھی (बहुत अच्छी) है। ये विशेषण अपनी संज्ञा के साथ मिलकर संज्ञा पदबंध बनते हैं।

1.2.5 संज्ञा पदबंध बतौर कर्ता, मुख्य कर्म एवं गौण कर्म

यह उल्लेखनीय बात है कि संज्ञा पदबंध कर्ता, मुख्य कर्म तथा गौण कर्म के रूप मे भी कार्य करता है। नीचे लिखे वाक्यों को ध्यान से देखें :

(1) لڑکا لڑکی کو کتاب دیتا ہے

लड़का लड़की को किताब देता है

इस वाक्य में कर्ता, मुख्य कर्म तथा गौण कर्म सभी एक वचन संज्ञा अर्थात لڑکا (लड़का), لڑکی (लड़की) तथा کتاب (किताब) हैं। यह सब भी अपने आप में संज्ञा पदबंध हैं। नीचे लिखे एक अन्य वाक्य को पढ़ें :

(2) حامد چھوٹی بہن کو ایک اچھا تحفہ دیتا ہے

हामिद छोटी बहन को एक अच्छा तोहफ़ा देता है

वाक्य (2) में मुख्य कर्म तथा गौण कर्म अपने–अपने विशेषक तथा

संज्ञा से मिलकर बने हैं। ایک اچھا تحفہ (एक अच्छा तोहफ़ा) एवं چھوٹی بہن (छोटी बहन)। यह दोनों कर्म रूप भी संज्ञा पदबंध हैं।

अभ्यास – 1

1. नीचे लिखे वाक्यों में संज्ञा पदबंधो को पहचानें तथा दिए गए ख़ाली स्थान में भरें :

لمبی لڑکی یہاں رہتی ہے

....

نیک آدمی ہمارے گھر آیا

....

حامد کتاب پڑھتا ہے

....

2. नीचे के वाक्यों में कर्ता रूपी संज्ञा पदबंध जोड़ें :

..................گھر جاتا ہے

..................کھانا کھاتا ہے

..................بازار جاتا ہے

3. नीचे के वाक्यों में ख़ाली स्थान भर कर वाक्य पूरा करें :

حامد ....گھر لایا

رادھا..................کھاتی ہے

سیما..................دھوتی ہے

अभ्यास – 2

1. नीचे लिखे वाक्यों में संज्ञा पदबंध की पहचान करें। और उसे खाली स्थान में भरें :

لڑکا آیا

احمد کتاب پڑھتا ہے

حامد موہن کو تحفہ دیتا ہے

2. नीचे लिखे शब्दों से तीन वाक्य बनाएं :

آم کھاتا ہے دیتا ہے کتاب

آیا کو موہن حامد

....

....

....

3. नीचे के वाक्यों में गौण कर्म तथा मुख्य कर्म की पहचान करें :

احمد موہن کو کتاب دیتا ہے

मुख्य कर्म : ....

गौण कर्म : ....

موہن حامد کو خط لکھتا ہے

मुख्य कर्म : ....

गौण कर्म : ....

....

अथवा कर्ता–कर्म–क्रिया पर भी आधारित होती है जैसे,

(2) لڑکا آم کھاتا ہے

लड़का आम खाता है

यह समझना ज़रूरी है कि वाक्य (1) में कोई कर्म नहीं है जबकि वाक्य (2) में एक कर्म है। कर्म का वाक्य में होना या न होना क्रिया के रूप पर निर्भर करता है। यह कहा जा सकता है कि क्रिया के दो रूप होते हैं **अकर्मक** तथा **सकर्मक**। जिस वाक्य में अकर्मक क्रिया हो उसमें केवल कर्ता होता है, और जिस वाक्य में सकर्मक क्रिया हो उसमें कर्ता और कर्म दोनों होते हैं। अतः वाक्य (1) में एकल संज्ञा لڑکا (लड़का) है और इसमें कोई कर्म नहीं है। क्योंकि क्रिया آیا (आया) अकर्मक क्रिया है। वाक्य (2) में کھاتا ہے (खाता है) सकर्मक क्रिया है जिसके साथ दो संज्ञाएं لڑکا (लड़का) तथा آم (आम) का प्रयोग हुआ है। इनमें से एक संज्ञा कर्ता की द्योतक है तथा दूसरी कर्म की। अतः इस वाक्य में لڑکا (लड़का) कर्ता है तथा آم (आम) कर्म का द्योतक है।

1.3.5 क्रिया पदबंध तथा मुख्य एवं गौण कर्म

उर्दू वाक्य संरचना में एक अन्य प्रकार की क्रिया पदबंध भी है जिसे द्विकर्मक कहते हैं। क्रियाएं जैसे لکھنا (लिखना) और دینا (देना) इसी कोटि से संबंधित हैं। नीचे लिखे वाक्य पढ़ें :

(1) لڑکا لڑکی کو کتاب دیتا ہے

लड़का लड़की को किताब देता है

(2) حامد موہن کو خط لکھتا ہے

हामिद मोहन को ख़त लिखता है

वाक्य (1) तथा (2) में क्रमशः दो कर्म لڑکی (लड़की) और کتاب (किताब) तथा موہن (मोहन) और خط (ख़त) हैं। इन दोनों वाक्यों में मुख्य कर्म کتاب (किताब) और خط (ख़त) है क्योंकि नीचे दिये गए प्रश्न का उत्तर उन पर आता है

(3) لڑکا کیا دیتا ہے؟

लड़का क्या देता है?

حامد کیا لکھتا ہے؟ (4)

हामिद क्या लिखता है?

वाक्य (1) तथा (2) में गौण कर्म لڑکی (लड़की) तथा موہن (मोहन) हैं क्योंकि नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर उन पर आता है।

لڑکا کسے کتاب دیتا ہے؟ (5)

लड़का किसे किताब देता है?

حامد کسے خط لکھتا ہے؟ (6)

हामिद किसे ख़त लिखता है?

गौण कर्म अतिरिक्त संज्ञा होती है जो वाक्य के अंत में आवश्यक नहीं होती। उदाहरणतः निम्नलिखित वाक्य देखिए :

لڑکے نے کتاب دی (7)

लड़के ने किताब दी

حامد نے خط لکھا (8)

हामिद ने ख़त लिखा

यद्यपि यह बात ध्यान देने की है कि उर्दू में गौण कर्म पहले तथा मुख्य कर्म बाद में आता है। ऐसी विभक्तियों मे वाक्य संरचना कर्ता–गौणकर्म–मुख्य कर्म–क्रिया पर आधारित होगी।

अभ्यास – 1

1. नीचे लिखे वाक्यों में अकर्मक अथवा सकर्मक क्रिया की पहचान करें :

सकर्मक / अकर्मक	احمد کھاتا کھاتا ہے	(क)
सकर्मक / अकर्मक	لڑکا دوڑتا ہے	(ख)
सकर्मक / अकर्मक	وارث گھر آتا ہے	(ग)
सकर्मक / अकर्मक	لڑکی کتاب پڑھتی ہے	(घ)

2. मुख्य एवं गौण कर्म की पहचान कर दिए गए स्थान मे लिखें :

(क) احمد موہن کو اردو پڑھاتا ہے

अहमद मोहन को उर्दू पढ़ाता है

मुख्य कर्म :

गौण कर्म :

(ख) عادل موہن کو کتاب دیتا ہے
आदिल मोहन को किताब देता है

मुख्य कर्म :

गौण कर्म :

(ग) سیما سارا کو تحفہ دیتی ہے
सीमा सारा को तोहफ़ा देती है

मुख्य कर्म :

गौण कर्म :

अभ्यास – 2

---

1. नीचे दिए गए वाक्यों में अकर्मक/सकर्मक की पहचान करें :

(क) لڑکی آئی

(ख) سیما سیب کھاتی ہے

(ग) موہن غزل سنتا ہے

2. नीचे दिए गए शब्दों से पन्द्रह वाक्य बनाइए :

بازار	چلا	گیا	آیا	کھاتا ہے
سیب	گاتی ہے	کہتا ہے	پڑھتی ہے	سنتا ہے
گانا	غالب	احمد	ریحانہ	غزل
شعر	کتاب	سیما	موہن	پان

3. नीचे दिए गए वाक्यों में मुख्य कर्म एवं गौण कर्म की पहचान करके लिखें :

(क) احمد کتاب پڑھتا ہے

(ख) حامد موہن کو غزل سناتا ہے

(ग) سیما خط لکھتی ہے

(घ) لڑکی پھول لائی

अभ्यास – 1 के उत्तर

खंड – 1

इकाई – 1

1 (क) कर्ता : لڑکا   (ख) कर्ता : لڑکا   (ग) कर्ता : حامد

क्रिया : گیا   क्रिया : کھاتا ہے   क्रिया : پڑھتا ہے

2 (क) لڑکے کیلے کھاتے ہیں   (ख) لڑکیاں سیب کھاتی ہیں

3. (क) कर्ता : حامد   (ख) कर्ता : لڑکا

विधेय : گیا   विधेय : آم کھاتا ہے

4. (क) नहीं   (ख) नहीं   (ग) हाँ   (घ) हाँ

इकाई – 2

1. (क) لمبی لڑکی   (ख) نیک آدمی، ہمارے گھر   (ग) کتاب، حامد

2 (क) ذہین لڑکا   (ख) چھوٹا بھائی   (ग) بڑا لڑکا

3. (क) میٹھے آم   (ख) لال سیب   (ग) زیادہ کپڑے

इकाई – 3

1. (क) सकर्मक   (ख) अकर्मक

(ग) अकर्मक   (घ) सकर्मक

2 (क) मुख्य कर्म اردو   (ख) मुख्य कर्म کتاب

गौण कर्म موہن   गौण कर्म موہن

(ग) मुख्य कर्म تحفہ

(घ) सकर्मक سارا

....

खंड 2

इस खंड मे आप उर्दू की संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण तथा संखॉक विषयों को पढ़ेगे। यह सभी घटक संज्ञा पदबंधों की रचना में महत्वपूर्ण हैं। वस्तुतः संज्ञा पदबंध में संज्ञा तथा सर्वनाम प्रधान घटक हैं जबकि विशेषण और संख्यांक में संज्ञा विशेषक का कार्य करते हैं।

इस खंड में निम्नलिखित इकाईयाँ हैं :

इकाई 1 : संज्ञा

इकाई 2 : सर्वनाम

इकाई 3 : विशेषण

इकाई 4 : संख्यॉक

प्रत्येक इकाई के अंत में स्वयं–परीक्षण अभ्यास के रूप में अभ्यास–1 दिया गया है, जिसे इकाई के पठन उपरान्त पूरा करना है। अभ्यास–1 प्रश्नों की कुंजी खंड के अंत में दी गई है। स्वयं परीक्षण अभ्यास के अतिरिक्त अभ्यास –2 दिया गया है। जिसके उत्तर विद्यार्थी एक अलग पृष्ठ पर लिख कर काउन्सिल को भेजें। प्रयुक्त शब्दों के अर्थ शब्दावली के रूप में पुस्तक के अंत में दिये गए हैं।

इकाई 1

संज्ञा

संरचना

2.1.0 उद्देश्य

2.1.1 भूमिका

2.1.2 संज्ञा

2.1.3 लिंग

2.1.3.1 संज्ञा – पुल्लिंग

2.1.3.2 संज्ञा – स्त्रीलिंग

2.1.4 संज्ञा के प्रकार

2.1.4.1 व्यक्तिवाचक संज्ञा

2.1.4.2 जातिवाचक संज्ञा

2.1.5 वचन तथा कारक

2.1.5.1 एकवचन संज्ञा : कारक रूप

2.1.5.2 बहुवचन संज्ञा : कारक रूप

2.1.0 उद्देश्य

ध्यानपूर्वक इस इकाई को पढ़ने पर आप निम्नलिखित बातें समझेंगे :

- संज्ञा की पहचान
- लिंग भेद में संज्ञा के रूपों की पहचान
- संख्यॉक में संज्ञा के रूपों की पहचान

- विभिन्न कारकों में संज्ञा के रूपों की पहचान
- संज्ञा के अन्य रूपों की पहचान

2.1.1 भूमिका

आप जानते हैं कि संज्ञा पदबंध में संज्ञा प्रधान घटक होती है। इस इकाई में आप संज्ञा के लिंग भेद, वचन तथा अन्य कारकों संबंधी संज्ञा के रूपों के विषय मे पढ़ेंगे। इसके अतिरिक्त आप विभिन्न प्रकार की संज्ञाओं से भी अवगत होंगे।

2.1.2 संज्ञा

किसी भी भाषा की शब्दावली मे संज्ञा एक महत्त्वपूर्ण कोटि है। यह संज्ञा पदबंध का प्रधान घटक होती है। उर्दू में संज्ञा के लिंग, वचन तथा कारक रूप संबंधी विभिन्न पर प्रत्यय हैं। संज्ञा की मुख्य कोटियों मे जातिवाचक, व्यक्तिवाचक, भाववाचक तथा द्रव्यवाचक संज्ञाएँ हैं, उदाहरणत :

व्यक्तिवाचक	जातिवाचक	द्रव्यवाचक	भाववाचक
لکھنؤ، گنگا	میز، کرسی	کتاب، دروازہ	خوشی، غم
गंगा, लखनऊ	कुर्सी, मेज़	दरवाज़ा, किताब	ग़म, ख़ुशी

2.1.3 लिंग

उर्दू में संज्ञा मुख्यत: दो भागों में विभाजित की जाती है: पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग। यह विभाजन ऐच्छिक है। यह विभाजन अर्थ से प्रेरित नहीं है जैसे پھل (फल) शब्द पुल्लिंग है लेकिन آگ (आग) स्त्रीलिंग है। इसी प्रकार دکان (दुकान) और زمین (ज़मीन) स्त्रीलिंग है परन्तु مکان (मकान) और سورج (सूरज) पुल्लिंग है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि इनके लिंग भेद में न तो अर्थ आधार है न ही प्राकृतिक लिंग: जैसे سورج (सूरज) उस तरह से पुल्लिंग नहीं है जैसे, लड़का, कुत्ता तथा घोड़ा पुल्लिंग है जबकि زمین (ज़मीन) उस तरह से स्त्रीलिंग नहीं है जैसे, लड़की, गाय तथा घोड़ी स्त्रीलिंग है। अत: उर्दू में अर्थ संज्ञा का लिंग निर्धारण नहीं करता।

2.1.3.1 संज्ञाएँ

संज्ञा की लिंग श्रेणी में पुल्लिंग कोटि महत्वपूर्ण है जिसे दो भागों में

विभाजित किया जा सकता है :

(1) संज्ञा जिसका प्रत्यॉंत (आ) हो

(2) संज्ञा जिसका प्रत्यॉंत (आ) न हो

(1) प्रत्यॉंत पर समाप्त होने वाले (आ) पुल्लिंग

کھیرا	کتا	گھوڑا	دادا	چاچا	لڑکا	کپڑا	لوہا	جوتا
खीरा	कुत्ता	घोड़ा	दादा	चाचा	लड़का	कपड़ा	लोहा	जूता

नीचे लिखे शब्द देखें :

بچہ	قلعہ	راستہ
बच्चा	क़िला	रास्ता

प्रत्यॉंत लिखित रूप में उपरलिखित शब्द ह (ह्) पर समाप्त होते हैं लेकिन बोलते समय इनका उच्चारण /आ/ होता है।

(2) /आ/ पर समाप्त न होने वाली पुल्लिंग संज्ञाएँ :

कुछ पुल्लिंग संज्ञाएँ व्यंजन पर समाप्त होती हैं तो कुछ अन्य स्वरों पर /ई/ अथवा /ऊ/

(क) व्यंजन प्रत्यॉंत वाली संज्ञाएँ :

سوال	اتوار	پل	تالاب	شہر	کاغذ
सवाल	ऐतवार	पुल	तालाब	शहर	काग़ज़
بندر	گھر	کھیت	آرام	مذاق	سال
बंदर	घर	खेत	आराम	मज़ाक़	साल

(ख) /ई/ प्रत्यॉंत वाले पुल्लिंग :

بھائی	سپاہی	دھوبی	آدمی	پانی
भाई	सिपाही	धोबी	आदमी	पानी

(ग) /ऊ/ प्रत्यॉंत वाले पुल्लिंग :

آڑو	کچالو	بھالو	آلو
आड़ू	कचालू	भालू	आलू

2.1.3.2 स्त्रीलिंग संज्ञाएँ

स्त्रीलिंग संज्ञाएँ दो भागों में विभाजित की जा सकती हैं

(1) /ई/ प्रत्यांत वाली संज्ञाएँ

(2) /ई/ से अंत न होने वाली संज्ञाएँ

(1) /ई/ प्रत्याँत वाली संज्ञाएँ

کرسی	جوتی	بلی	گھوڑی	دادی	چاچی	لڑکی
कुर्सी	जूती	बिल्ली	घोड़ी	दादी	चाची	लड़की
ندی	ٹوپی	چھڑی	گاڑی	گھنٹی	کشتی	کھڑکی
नदी	टोपी	छड़ी	गाड़ी	घंटी	कश्ती	खिड़की
		الماری	کہانی	ہندی	انگریزی	دلّی
		अल्मारी	कहानी	हिन्दी	अंग्रेजी	दिल्ली

(2) बग़ैर /ई/ प्रत्याँत वाली स्त्रीलिंग संज्ञाएँ

कुछ स्त्रीलिंग संज्ञाएँ व्यंजन और कुछ अन्य स्वरो जैसे /आ/ /ऊ/ तथा /ए/ पर समाप्त होती हैं।

(क) व्यंजन प्रत्याँत वाली स्त्रीलिंग संज्ञाएँ :

آگ	گیند	کتاب	ناک	عورت	آنکھ
आग	गेंद	किताब	नाक	औरत	आँख
دیوار	زمین	تاریخ	جیب	دوکان	تصویر
दीवार	जमीन	तारीख़	जेब	दुकान	तस्वीर
		روح	دوات	پولیس	پنسل
		रूह	दवात	पोलिस	पेंसिल

(ख) /आ/ प्रत्याँत वाली स्त्रीलिंग संज्ञाएँ

بوا	گنگا	جمنا	ڈبیا	کتیا	ہوا	دوا
बुआ	गंगा	जमुना	डिबिया	कुतिया	हवा	दवा

(ग) /ऊ/ वाली स्त्रीलिंग संज्ञाएँ :

روہو	گیہوں	جورو	بہو	لو
रोहू(मछली)	गेहूँ	जोरू	बहू	लू

2.1.4 संज्ञा के प्रकार

संज्ञाओं को व्यक्तिवाचक और जातिवाचक वर्गों में विभाजित किया जा सकता है।

2.1.4.1 व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ

व्यक्तिवाचक संज्ञा वह संज्ञा वर्ग है जिसके द्वारा किसी व्यक्ति–विशेष, स्थान–विशेष, वस्तु–विशेष आदि के नाम का पता चले।

(1) व्यक्ति–विशेष सूचक व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ :

رادھا	سارا	حامد	رام	احمد
राधा	सारा	हामिद	राम	अहमद
شبنم	اقبال	غالب	حنا	راشد
शबनम	इक़बाल	ग़ालिब	हिना	राशिद

(2) स्थान–विशेष सूचक व्यक्ति वाचक संज्ञाएँ :

جامع مسجد	دلّی	چار مینار	تاج محل
जामा मस्जिद	दिल्ली	चार मीनार	ताज महल
برلا مندر	جمنا	نرمدا	آگرہ
बिरला मन्दिर	जमुना	नर्मदा	आगरा

2.1.4.2 जातिवाचक संज्ञाएँ

जातिवाचक संज्ञा को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है :

गणनीय एवं अगणनीय

गणनीय संज्ञाएँ वे हैं जो गिनी तथा पृथक की जा सकती हैं और जिनके इससे पूर्व संख्या लिखी जा सकती हैं, जैसे;

एक	ایک
दो	دو
तीन	تین

आदि। तदुपरॉंत इनको मानववाचक/अमानववाचक, वाचक तथा भाववाचक संज्ञाओं में विभाजित किया जा सकता है, उदाहरणत :

	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
मानववाचक	چچا चचा	چچی चची
	لڑکا लड़का	لڑکی लड़की
अमानववाचक	کتا कुत्ता	بلی बिल्ली
	مرغا मुर्गा	مرغی मुर्गी
द्रव्यवाचक	پنکھا पंखा	کرسی कुर्सी
	دروازہ दरवाज़ा	کھڑکی खिड़की
भावार्थक / भाववाचक	جھگڑا झगड़ा	ہنسی हँसी
	بدلہ बदला	خوشی ख़ुशी

2.1.5 वचन तथा कारक

उर्दू में संज्ञा एकवचन तथा बहुवचन होती है। इनके पुल्लिंग और स्त्रीलिंग के रूप भी भिन्न हो सकते हैं।

उर्दू में बहुवचन के तीन रूप हैं :

1. कृतकारक 2. उत्तरकारक 3. संबोधककारक

रूप–1 में आमतौर पर संज्ञाएँ वाक्य के कर्ता के रूप में होती हैं जबकि रूप–2 में परसर्ग से पूर्व आने वाली संज्ञाएँ हैं। परसर्ग की व्याख्या परसर्ग संबंधी इकाई में की जाएगी। फ़िलहाल इतना जान लेना काफ़ी है कि कुछ व्याकरणिक तत्व जैसे, سے (से), میں (में) तथा اوپر (ऊपर) आदि परसर्ग कहलाते हैं। रूप–2 की संज्ञाएँ प्रायः वाक्य में दूसरी अथवा तीसरी संज्ञा के रूप में प्रयुक्त

होती हैं, उदाहरणत :

چچا لڑکے کو دیکھتا ہے

चचा लड़के को देखता है

چچا (चचा) रूप (1) है तथा لڑکے (लडके) रूप (2) में परसर्ग کو (को) के उपरॉत आता है। रूप 3 (संबोधन हेतु) रूप 2 जैसा होता है, जैसे

اے لڑکے (ए लडके)

2.1.5.1 एकवचन संज्ञा : कारक रूप

रूप 1 : कर्ता के रूप में संज्ञा

उदाहरण :

(1) لڑکا کھیلتا ہے

लडका खेलता है

(2) بچہ آم کھاتا ہے

बच्चा आम खाता है

वाक्य में संज्ञाऍं لڑکا (लडका) तथा بچہ (बच्चा) रूप 1 में प्रकट होते है।

रूप 2 : (इतरकारक) कर्म के रूप में संज्ञा

रूप 2 (इतरकारक) में संज्ञा के उपरॉत सदैव परसर्ग आता है, जैसे :

کا	سے	پر	کو
का	**से**	**पर**	**को**

नीचे के वाक्यों को देखिए

(3) لڑکے کو آم دو

(तुम)लडके को आम दो

(4) بچے سے کتاب لو

(तुम) बच्चे से किताब लो

इनमें संज्ञाऍं لڑکے (लडके) بچے (बच्चे) रूप 2 में हैं। नीचे के वाक्यों को

देखिए जिनमें रूप 3 की संज्ञाएँ बताई गई हैं।

रूप 3: कर्म अथवा संबोधन के रूप में

रूप 3 (एकवचन) में संज्ञा जिनका प्रत्यॉत /आ/ है रूप 2 की जैसी ही है, जैसे لڑکے سے کہو (लडके से कहो) !اے لڑکے (ए लडके)। शब्द لڑکے (लडके) दोनों अभिव्यक्तियों में एक जैसा है परन्तु दोनों में इसका प्रकार्य भिन्न है। यह जान लेना चाहिए कि बगैर 'आ' वाले रूपों में रूप 1, 2 तथा 3 के एकवचन रूपों में कोई फर्क नहीं है, जैसे

لڑکی آم کھاتی ہے (5)

लडकी आम खाती है

تم لڑکی سے کہو (6)

तुम लडकी से कहो

لڑکی! آم کھا (7)

लडकी! आम खा

रूप 3 में لڑکی (लडकी) संबोधन कर्ता के रूप मे है। इसी प्रकार कुछ शब्द जैसे بندر (बंदर), نائی (नाई) आदि के रूप 1, 2 और 3 एक जैसे होते हैं।

2.1.5.2 बहुवचन संज्ञाएँ : कारक

वाक्य में विभिन्न स्थानानुसार संज्ञाओं के रूपों को कारक कहा गया है। जैसे, संज्ञा का संबोधन रूप (कारक) एक व्यक्ति का दूसरे व्यक्ति को संबोधन करने का रूप है।

आइए अब बहुवचन पढ़े, इनके भी संज्ञा के तीन भिन्न रूप देखे जा सकते हैं। दी गई तालिका देखें :

	रूप 1 (मुख्य कर्म)	रूप 2 (गौण कर्म)	रूप 3 (संबोधन)
/आ/ प्रत्यय़ॉत पुल्लिंग संज्ञा :	لڑکا	لڑکے	لڑکے !
एकवचन	**लडका**	**लडके**	**लडके!**
	لڑکے	لڑکوں	لڑکو !
बहुवचन	**लडके**	**लडकों**	**लडको!**

बगैर /आ/ प्रत्ययाँत पुल्लिंग संज्ञा :

एकवचन	گھر घर	گھر घर	–
बहुवचन	گھر घर	گھروں घरों	–

/ई/ प्रत्ययाँत स्त्रीलिंग संज्ञा :

एकवचन	لڑکی लड़की	لڑکی लड़की	لڑکی ! लड़की!
बहुवचन	لڑکیاں लड़कियाँ	لڑکیوں लड़कियों	لڑکیو ! लड़कियो!

बगैर /ई/ प्रत्ययाँत /आ/

प्रत्ययाँत स्त्रीलिंग संज्ञा :

एकवचन	چڑیا चिड़िया	چڑیا चिड़िया	–
बहुवचन	چڑیاں चिड़ियाँ	چڑیوں चिड़ियों	–

व्यंजन प्रत्ययाँत स्त्रीलिंग संज्ञा :

एकवचन	کتاب किताब	کتاب किताब	–
बहुवचन	کتابیں किताबें	کتابوں किताबों	–

ध्यान से निम्न पुल्लिंग संज्ञाओं को देखिए, इनके रूप कुछ अलग हैं :

	रूप 1	रूप 2	रूप 3
व्यंजन प्रत्ययाँत पुल्लिंग संज्ञा:			
एकवचन	بندر **बंदर**	بندر **बंदर**	بندر **बंदर**
बहुवचन	بندر **बंदर**	بندروں **बंदरों**	بندرو **बंदरो**

/ई/ प्रत्ययाँत पुल्लिंग संज्ञाः

एकवचन	نائی नाई	نائی नाई	نائی नाई
बहुवचन	نائی नाई	نائیوں नाईयों	نائیو नाईयो

/उ/ प्रत्ययाँत पुल्लिंग संज्ञा :

एकवचन	بابو बाबू	بابو बाबू	بابو बाबू
बहुवचन	بابو बाबू	بابوؤں बाबूओं	بابوؤ बाबूओ

ऊपर के सभी शब्दों का शब्दान्त /आ/ नहीं है।

उदाहरणतः

لڑکا کھانا کھاتا ہے   रूप 1   (1)

लडका खाना खाता है

لڑکے کو کھانا دو   रूप 2   (2)

लडके को खाना दो

لڑکے ! جلدی لکھ   रूप 3   (3)

लड़के! जल्दी लिख

لڑکے کھانا کھاتے ہیں   रूप 1   (4)

लडके खाना खाते हैं   मुख्य कर्म – बहुवचन

لڑکوں کو کھانا دو   रूप 2   (5)

लडको को खाना दो   गौण कर्म – बहुवचन

لڑکو ! جلدی لکھو   रूप 3   (6)

लडको! जल्दी लिखो   कर्ता बहुवचन

لڑکی کھانا کھاتی ہے   रूप 1   (7)

लडकी खाना खाती है   मुख्य कर्म – एक वचन

لڑکی کو کھانا دو   रूप 2   (8)

लडकी को खाना दो   गौण कर्म – एक वचन

(9) रूप 3 لڑکی ! جلدی لکھ

लडकी । जल्दी लिख संबोधन – एक वचन

(10) रूप 1 لڑکیاں کھانا کھاتی ہیں

लडकियाँ खाना खाती हैं मुख्य कर्म

(11) रूप 2 لڑکیوں کو کھانا دو

लड़कियों को खाना दो गौण कर्म – बहुवचन

(12) रूप 3 لڑکیو ! جلدی لکھو

लडकियो। जल्दी लिखो संबोधन – बहुवचन

(13) रूप 1 چڑیا ۔ دانہ چگتی ہے

चिड़िया दाना चुगती है मुख्य कर्म – एकवचन

(14) रूप 2 چڑیا کو دانہ دو

चिड़िया को दाना दो गौण कर्म – एकवचन

(15) रूप 1 چڑیاں دانہ چگتی ہیں

चिड़ियाँ दाना चुगती हैं मुख्य कर्म – एकवचन

(16) रूप 2 چڑیوں کو دانہ دو

चिड़ियों को दाना दो गौण कर्म – बहुवचन

(17) रूप 1 میز چھوٹی ہے

मेज छोटी है मुख्य कर्म – बहुवचन

(18) रूप 2 میز کو رکھ دو

मेज को रख दो गौण कर्म – एकवचन

(19) रूप 1 میزیں چھوٹی ہیں

मेजें छोटी हैं मुख्य कर्म – बहुवचन

(20) रूप 2 میزوں کو رکھ دو

मेजों को रख दो गौण कर्म – बहुवचन

ऊपर लिखे उदाहरणों मे संज्ञा तथा क्रिया के विभिन्न रूपों को ध्यान से देखें। आप देख सकते हैं कि संज्ञा का लिंग तथा वचन क्रिया के रूप को

निर्धारित करता है। इसी को कर्ता–क्रिया अन्विति कहते हैं। अर्थात संज्ञा के लिंग एवं वचन क्रिया को भिन्न रूप प्रदान करते हैं, जैसे

(21) لڑکا سیب کھاتا ہے

लडका सेब खाता है

(22) لڑکے سیب کھاتے ہیں

लडके सेब खाते हैं

(23) لڑکی سیب کھاتی ہے

लडकी सेब खाती है

ध्यान दें कि एकवचन संज्ञा के प्रत्ययाँत /आ/ तथा /ई/ से मुख्य क्रिया का प्रत्ययाँत भी /आ/ तथा /ई/ ही होता है। इसके अतिरिक्त (सहायक क्रिया) एकवचन ہے (है) तथा बहुवचन ہیں (हैं) में बदल जाता है। अतः उर्दू वाक्य बनाने से पूर्व संज्ञा का लिंग एवं वचन का पता होना आवश्यक है।

अभ्यास – 1

1. नीचे लिखे वाक्यों में संज्ञा की पहचान करें और उसे खाली स्थान में लिखें :

(क) حامد بازار جاتا ہے

....

(ख) موہن کرکٹ کھیلتا ہے

....

(ग) احمد کتاب خریدتا ہے

....

(घ) بادشاہ قیمتی تاج پہنتا ہے

....

2. नीचे के खाली स्थानों को दिए गए शब्दों की पुल्लिंग संज्ञाओं से भरें :

تخت، تاج، آم، سپاہی، مداری، کھیل، بھالو

(क) شہزادہ .... پر بیٹھا

(ख) بادشاہ نے ....پہنا

(ग) .... نے .... دکھایا

(घ) ....نے ناچ دکھایا

(च) .... گھر آیا

(छ) احمد نے ....کھایا

3. नीचे दी गई स्त्रीलिंग संज्ञाएँ निम्नलिखित वाक्यों के खाली स्थानों में भरें :

دوا کھڑکی گاڑی دیوار

(क) گھر کی .... گر گئی

(ख) اسپتال میں .... بھی ملتی ہے

(ग) .... وقت پر نہیں آئی

(घ) کمرے کی .... نہیں کھلی

4. नीचे दिए गए पुल्लिंग एवं स्त्रीलिंग शब्दों को उचित स्थान पर लिखें :

کرسی گھر ندی آلو پگڑی

پاجامہ بلی بکری کاغذ قلم

पुल्लिंग : ....

स्त्रीलिंग : ....

5. नीचे लिखे वाक्यों में व्यक्तिवाचक एवं जातिवाचक संज्ञाओं की पहचान कर उचित स्थान पर लिखें :

(क) آگرہ قدیم شہر ہے

व्यक्तिवाचक : ....

जातिवाचक : ....

(ख) دلّی ہندستان کی راجدھانی ہے

व्यक्तिवाचक : ....

जातिवाचक : ....

(ग) شبنم مدرسے میں پڑھتی ہے

व्यक्तिवाचक : ....

व्यक्तिवाचक : ....

(घ) قطب مینار بہت اونچی عمارت ہے

व्यक्तिवाचक : ....

जातिवाचक : ....

अभ्यास – 2

1 नीचे लिखी पुल्लिंग संज्ञाओं से पाँच वाक्य बनाएं :

چچا دادا گھڑا تالا گھوڑا

2. निम्नलिखित में स्त्रीलिंग संज्ञा पहचान करके लिखें

(1) اس ندی میں بہت مچھلیاں ہیں

(2) دکان میں کتابیں بکتی ہیں

(3) ڈال پر بلی بیٹھی ہے

(4) دادی نے دال پکائی ہے

3 नीचे लिखी भाववाचक संज्ञाओं से पाँच वाक्य बनाएं :

خوشی جھگڑا فساد ہنسی مذاق فراق

4 नीचे लिखे शब्दो के बहुवचन लिखे :

کرسی بلی کتاب گھوڑا عورت

....

इकाई 2
सर्वनाम

संरचना :

2.2.0 उद्देश्य

2.2.1 भूमिका

2.2.2 सर्वनाम

2.2.3 पुरुषवाचक सर्वनाम

2.2.4 संकेतवाचक सर्वनाम

2.2.5 निजवाचक सर्वनाम

2.2.6 संबंधवाचक सर्वनाम

2.2.7 अनिश्चयवाचक सर्वनाम

2.2.8 प्रश्नवाचक सर्वनाम

2.2.9 विकारीकारक

2.2.0 उद्देश्य

इस इकाई को ध्यानपूर्वक पढ़ने के उपरांत आप निम्नलिखित बातें समझ सकेंगे :

- उर्दू सर्वनाम की पहचान।

- सर्वनाम के विभिन्न रूपों की जानकारी।
- सर्वनाम के विभिन्न प्रकार्यों संबंधी जानकारी।
- कर्तृकारक, अविकारीकारक एवं इतरकारक, विकारी कारक सर्वनामों की पहचान।

2.2.1 भूमिका

इस इकाई में आप को उर्दू सर्वनाम तथा सर्वनाम के विभिन्न प्रकारों की जानकारी मिलेगी। सर्वनाम व्यक्ति एवं वस्तु दोनों के लिए प्रयुक्त होते हैं। सर्वनाम का प्रयोग स्वयं अथवा अन्य की ओर संकेत के लिए भी होता है। प्रश्न पूछने तथा वाक्यों के संयोजन में भी सर्वनाम का इस्तेमाल किया जाता है। महत्वपूर्ण घटक होते हुए भी इनके रूप कम है क्योंकि सर्वनाम कुछ सीमित शब्दों का एक समूह है।

2.2.2 सर्वनाम

संज्ञा अथवा संज्ञा पदबंध के स्थान पर प्रयुक्त होने वाला शब्द परिभाषिक तौर पर सर्वनाम कहलाता है। इसके विभिन्न प्रकार हैं। विभिन्न प्रकारों के कारण यह विभिन्न नामों से जाना जाता है, जैसे पुरूषवाचक, संकेतवाचक, निजवाचक, अनिश्चयवाचक तथा प्रश्नवाचक सर्वनाम।

सर्वनाम के रूप 1 (कर्ताकारक अर्थात बिना परसर्ग वाला कर्ता) तथा रूप 2 (इतरकारक अर्थात परसर्ग वाला कर्ता) में विभिन्न रूप हैं। आईए इन सर्वनामों की सभी उप–कोटियों को देखें।

2.2.3 पुरुषवाचक सर्वनाम

जब सर्वनाम संबोधन कर्ता (उत्तम पुरुष), श्रोता (मध्यम पुरुष) अथवा अन्य व्यक्तियों से संबधित हो तो यह पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाता है। उर्दू में पुरुषवाचक सर्वनाम निम्नलिखित हैं :

میں	ہم	تو / تم	آپ
मैं	हम	तुम / तू	आप
وہ	وہ لوگ	یہ آدمی	وہ لوگ
वो	वे लोग	ये आदमी	वे लोग

नीचे दिया गया संवाद पढ़िए :

احمد: کیا تم نے اردو کی کتاب پڑھ لی ہے؟
अहमद : क्या तुमने उर्दू की किताब पढ़ ली है?

سارا: ہاں، میں نے یہ کتاب پڑھ لی ہے
सारा : हाँ। मैं ने यह किताब पढ़ ली है।

احمد: تم اب یہ کتاب سرلا کو دے دو
अहमद : तुम अब यह किताब सरला को दे दो।

سارا: وہ تو یہ کتاب پہلے ہی پڑھ چکی ہے
सारा : वो तो यह किताब पहले ही पढ़ चुकी है।

کیا تم شاعری کی کتاب لا سکتے ہو؟
क्या तुम शायरी की किताब ला सकते हो?

احمد: ہاں، میں شاعری کی کتاب لے آؤں گا
अहमद : हाँ, मैं शायरी की किताब ले आऊँगा।

ऊपर लिखे संवाद में आप देखेंगे कि سارا (सारा) और احمد (अहमद) ने सर्वनाम وہ (वो), تم (तुम), میں (मैं) का इस्तेमाल किया है। تم (तुम) सर्वनाम कभी احمد (अहमद) तो कभी سارا (सारा) की ओर इशारा करता है। अतः यह बात और है कि एक ही सर्वनाम संदर्भ के अनुसार अनेक पुल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग के लिए भी इस्तेमाल हो सकता है। नीचे की तालिका में पुरूषवाचक सर्वनाम देखिए:

व्यक्ति	एकवचन	बहुवचन	आदरसूचक
उत्तम पुरुष	میں	ہم	–
मध्यम पुरुष	تم تو	تم (لوگ)	آپ
अन्य पुरुष	یہ وہ	وہ (لوگ) یہ (لوگ)	وہ

(क) میں (मैं) के स्थान पर ہم (हम) लेखक, संपादक तथा आम बोल चाल में इस्तेमाल होता है।

(ख) تو (तू) (खुदा के लिए) प्रार्थना में संबोधन के लिए प्रयोग होता है।

(ग) تم (तुम) का इस्तेमाल एक अथवा अनेक व्यक्तियों के लिए हो सकता है। अक्सर यह परिचित हम उम्र लोगों से संबोधन के लिए प्रयोग होता है।

(घ) آپ (आप) एकवचन तथा बहुवचन के लिए सम्मान सूचक सर्वनाम है। इसका प्रयोग यदा–कदा अन्य पुरूष के लिए भी हो जाता है, जैसे آپ نے فرمایا (आप ने फरमाया)

2.2.4 संकेतवाचक सर्वनाम

किसी वस्तु अथवा व्यक्ति विशेष की ओर संकेत करने वाले सर्वनाम संकेतवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। उर्दू मे करीबी वस्तु अथवा व्यक्ति के लिए یہ (ये) तथा दूर के लिए وہ (वो) सर्वनाम का इस्तेमाल होता है।

(2) नीचे लिखे संवाद को पढ़िए

یہ کیا ہے؟
ये क्या है?

یہ کتاب ہے
ये किताब है।

یہ کیا (چیزیں) ہیں؟
ये क्या (चीजें) हैं?

یہ کتابیں ہیں
ये किताबे हैं।

وہ کیا ہے؟
वो क्या है?

وہ دوات ہے
वो दवात है।

وہ کیا (چیزیں) ہیں؟
वो क्या (चीजें) हैं?

وہ دواتیں ہیں
वो दवातें हैं।

وہ کون ہے؟
वो कौन है?

وہ لڑکا ہے
वो लड़का है।

وہ کون (لوگ) ہیں؟
वो कौन (लोग) है?

وہ لڑکے ہیں
वो लड़के है।

یہ کون ہے؟
ये कौन है?

یہ میرا دوست ہے
ये मेरा दोस्त है।

उपरोक्त संवाद में इस्तेमाल हुए सर्वनाम संकेतवाचक सर्वनाम कहलाते है। इन सर्वनामों अर्थात یہ (ये) और وہ (वो) के रूप पुरुषवाचक सर्वनाम وہ (वो) और یہ (ये) के अनुरूप हैं। अतः जब इन सर्वनामों का प्रयोग कर्ता के स्थान पर होगा तो यह रूप 1 से संबंधित होंगे।

इन संकेतवाचक सर्वनामों के बाद जब परसर्ग کو (को), کا (का), نے (ने) आदि आएगे तो इनका संबंध रूप 2 से होगा। इनके एकवचन तथा बहुवचन रूप अलग-अलग है। एकवचन मे اِس (इस) तथा اُس (उस) और इनके बहुवचन اِن (इन) तथा اُن (उन) है, जैसे .

(3) नीचे दिए गए संवाद को पढ़िए :

اِس کا نام کیا ہے؟
इसका नाम क्या है?

اِس کا نام احمد ہے
इसका नाम अहमद है।

اُس کا نام کیا ہے؟
उस का नाम क्या है?

اُس کا نام موہن ہے

उसका नाम मोहन है।

اِن کو کیا کہتے ہیں؟

इनको क्या कहते है?

اِن کو کپڑے کہتے ہیں

इनको कपडे कहते हैं।

اُن کو کیا کہتے ہیں؟

उनको क्या कहते हैं?

اُن کو دکانیں کہتے ہیں

उनको दुकाने कहते हैं।

बहुवचन (रूप 2) में भी संकेतवाचक सर्वनाम اُنھوں (उन्हों) सज्ञा के बाद इस्तेमाल नहीं हो सकता। अतः

اِنھوں نے کہا

के स्थान पर

اِن لوگوں نے کہا

प्रयुक्त होता है।

2.2.5 निजवाचक सर्वनाम

वह सर्वनाम जो वाक्य में स्वयं के लिए प्रयुक्त सर्वनाम के उपरांत आता है निजवाचक सर्वनाम कहलाता है।

(4) नीचे दिया गया संवाद पढ़िए :

یہ کام تم کیسے کروگے؟

ये काम तुम कैसे करोगे?

یہ کام میں خود کروں گا

ये काम मैं खुद करूँगा।

تم یہ کام اپنے آپ نہ کرو تو اچھا ہے

तुम यह काम अपने आप न करो तो अच्छा है।

ध्यान से देखिए कि خود (खुद) और اپنے آپ (अपने आप) सर्वनाम میں (मैं) और تم (तुम) अथवा वाक्य के तार्किक कर्ता अपने कार्य का पता देते हैं। ये निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जब कोई स्वयं बिना किसी की मदद के करे तब इस सर्वनाम का प्रयोग किया जाता है।

اپنے آپ / خود	میں
खुद / अपने आप	मैं
اپنے آپ / خود	تم
खुद / अपने आप	तुम
اپنے آپ / خود	آپ
खुद / अपने आप	आप
اپنے آپ / خود	آپ
खुद / अपने आप	आप
اپنے آپ / خود	یہ
खुद / अपने आप	ये
اپنے آپ / خود	وہ
खुद / अपने आप	वो

(एकवचन के अतिरिक्त बहुवचन के लिए भी इस्तेमाल होता है)

2.2.6 संबंधवाचक सर्वनाम

जिस सर्वनाम से वाक्य में आई संज्ञा अथवा संज्ञा से संबंध स्थापित हो उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं।

(5) नीचे लिखे संवाद को देखिए :

میں حامد سے بات کر رہا تھا جو کل بنارس جائے گا (1)

मैं हामिद से बात कर रहा था जो कल बनारस जाएगा।

(2) جو سفید گاڑی وہاں کھڑی ہے وہ حامد کی ہے

जो सफेद गाडी वहाँ खडी है वो हामिद की है।

ध्यान से देखिए कि جو (जो) वाक्य 1 में तथा وہ (वो) और جو (जो) वाक्य–2 की संज्ञा से संबंधित है। वाक्य–1, में جو (जो) का संबंध حامد (हामिद) से और वाक्य 2 मे وہ (वो) और جو (जो) का संबध سفید گاڑی وہاں کھڑی ہے (सफेद गाडी वहाँ खडी है) से है। अतः इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि इन सर्वनामों का संबंध वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञा अथवा संज्ञा पदबंध से है। भिन्न वाक्यों मे प्रकार्य अधीन उप–प्रकार्य का संबधसूचक सर्वनाम के माध्यम से परिचय कराना है। इन सर्वनामों का प्रकार्य भिन्न वाक्यों मे अधीन वाक्य को परिचित कराना है। रूप–1, (कर्ता कारक) मे आए جو (जो) का ही प्रकार्य है। रूप–2, (कर्तृकारक) वाक्य में इस सर्वनाम के पश्चात परसर्ग की अथवा کا का प्रयोग किया जाता है। नीचे दी गई तालिका देखिए

	रूप 1	रूप 2	रूप 3
एकवचन	جو	جس	جس نے
बहुवचन	جو	جن	جنھوں نے

उदाहरणतः

(3) جس کتاب کو تم پڑھ رہے ہو وہ بہت اچھی ہے

जिस किताब को तुम पढ़ रहे हो वो बहुत अच्छी है।

(4) جس نے یہ کتاب لکھی ہے وہ میرا دوست ہے

जिसने यह किताब लिखी है वो मेरा दोस्त है।

(5) جس کتاب کا ذکر آپ نے کیا وہ بہت دلچسپ ہے

जिस किताब का जिक्र आपने किया वो बहुत दिलचस्प है।

(6) جن کو آپ نے بلایا ہے وہ کتنے بجے آئیں گے

जिनको आपने बुलाया है वो कितने बजे आएँगे।

(7) جنھوں نے فارم بھرے تھے ان کا نمبر آ گیا ہے

जिन्होंने फार्म भरे थे उनका नंबर आ गया है।

2.2.7 अनिश्चयवाचक सर्वनाम

वह सर्वनाम जो किसी वस्तु या ऐसे व्यक्ति को दर्शाता है जो बिना लिंग भेद अथवा वचन के हो, अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहलाता है। کچھ (कुछ) और کوئی (कोई) ऐसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम हैं जिनसे संज्ञा के लिंग भेद अथवा वचन का पता नहीं चलता। ऐसे शब्द अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

नीचे लिखे वाक्य देखिए :

(1) دیکھو، کوئی آ رہا ہے

देखो, कोई आ रहा है

(2) اس کے پاس کچھ نہیں ہے

उसके पास कुछ नहीं है

सर्वनाम के रूप में शब्द کوئی (कोई) किसी व्यक्ति के अर्थ में तथा کچھ (कुछ) किसी वस्तु के लिए इस्तेमाल होता है। नकारात्मक वाक्यों में کوئی نہیں (कोई नहीं) का अर्थ कोई नहीं तथा کچھ نہیں (कुछ नहीं) का अर्थ कुछ नहीं के लिए प्रयुक्त होता है।

(3) یہاں کوئی نہیں ہے

यहाँ कोई नहीं है

(4) وہ کچھ نہیں کرے گا

वो कुछ नहीं करेगा

2.2.8 प्रश्नवाचक सर्वनाम

प्रश्नसूचक सर्वनाम को प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं।

(4) नीचे लिखे संवाद को पढ़िए :

وہ کون ہے؟

वो कौन है?

وہ ساجد ہے

वो साजिद है।

مگر اس کے پاس کیا ہے؟

मगर उसके पास क्या है?

اس کے پاس بہت سے کاغذ ہیں

उसके पास बहुत से कागज़ हैं।

देखिए कि इस संवाद में सर्वनाम کون (कौन) तथा کیا (क्या) है। इन सर्वनामों का प्रकार्य प्रश्न करना है। अतः ये प्रश्नवाचक सर्वनाम हैं। सर्वनाम के तौर पर کیا (क्या) का अर्थ 'क्या' तथा کون (कौन) का अर्थ 'कौन' है, जैसा कि रूप--2, (परसर्ग से पूर्व) में नीचे दिखाया गया है

	रूप 1	रूप 2
एकवचन	کون	کس
बहुवचन	کون	کن کنھوں

उदाहरणत :

(1) یہ کتاب کس کی ہے؟

ये किताब किस की है?

(2) یہ کپڑے کن کے ہیں؟

ये कपडे किन के हैं?

(3) اتنے کپ کنھوں نے توڑے ہیں؟

इतने कप किन्होंने तोडे हैं?

(4) یہ کون ہے؟

यह कौन है?

(5) یہ کون ہیں؟

ये कौन हैं?

2.2.9 सर्वनाम कर्ता एवं तिर्यक रूप

अभी तक आपने उन सर्वनामों के विषय में पढा जिनके उपरॉत परसर्ग नहीं आता और जो कर्ता के स्थान पर आते हैं ऐसे सर्वनामों को कर्तृकारक/अविकारी कारक कहते हैं। जिनके सर्वनामों के उपरांत परसर्ग आता है उन्हें तिर्यक रूप एवं इतरकारक/विकारी कारक कहते हैं।

(7) नीचे दिए गए संवाद को पढ़िए :

(6) یہ کام تجھ سے اکیلے نہیں ہوگا

यह काम तुझ से अकेले नहीं होगा।

(7) اسے ہم سب مل کر کریں گے

इसे हम सब मिलकर करेंगे।

(8) کیوں بھائی مجھ پر بھروسا نہیں کیا؟

क्यों भाई मुझ पर भरोसा नहीं क्या?

(9) نہیں تم پر بھروسا ہے لیکن اس کی ذمہ داری
اکیلی تم پر نہیں بلکہ ہم سب کی ہے

नहीं, तुम पर भरोसा है लेकिन इसकी जिम्मेदारी अकेली तुम पर नहीं बल्कि हम सबकी है।

ध्यान से देखिए ہم سب کی (हम सबकी), تمھاری (तुम्हारी), تجھ (तुझ), مجھ (मुझ), ہم (हम) आदि पुरूषवाचक सर्वनाम हैं जिनको परसंग, जैसे, کو ، نے ، پر और سے (से) पहले इस्तेमाल किया गया है। ये सर्वनाम रूप–2 अर्थात तिर्यक रूप से संबंधित हैं। कर्ता रूप तिर्यक रूप मे कैसे बदलता है। आइए नीचे की तालिका मे देखें :

		कर्ता	*तिर्यक / उत्तर*
उत्तम पुरुष (एकवचन)	(मैं / मुझ)	میں	مجھ
उत्तम पुरुष (बहुवचन)	(हम / हम)	ہم	ہم
मध्यम पुरुष (एकवचन)	(तू / तुझ)	تو	تجھ
मध्यम पुरुष (बहुवचन)	(तुम / तुम)	تم	تم
तृतीय पुरुष (एकवचन)	(ये / वो / इस / उस)	یہ/وہ	اِس/اُس
तृतीय पुरुष (बहुवचन)	(ये / उन / इन)	یہ/وہ	اِن/اُن

पुरुषवाचक सर्वनाम آپ (आप), जिसका इसतेमाल नम्रता के लिए मध्यम पुरूष एकवचन एवं बहुवचन के लिए होता है, का तिर्यक रूप भी वही रहता है।

آپ نے، آپ کو، آپ میں، آپ سے، آپ کا، آپ پر

कर्ता रूप मे آپ (आप) की स्थिति उत्तम पुरूष एवं मध्यम पुरूष के एकवचन तथा बहुवचन ہم (हम) और تم (तुम) की भाँति ही रहती है।

अभ्यास – 1

1. नीचे लिखे वाक्यों में सर्वनाम की पहचान कर दिए गए खाली स्थान में लिखें :

(क) احمد کو میں جانتا ہوں

....

(ख) وہ سیما کو گھر لایا

....

(ग) تم مدرسہ میں پڑھو

....

(घ) ہم اردو لکھنا جانتے ہیں

....

2. उचित सर्वनाम से खाली स्थान भरें :

(क) .... آج یہاں نہیں آیا

(ख) .... ہمارے گھر میں رہتے ہو

(ग) .... اردو پڑھنا لکھنا جانتا ہوں

(घ) .... سب مل کر بازار گئے تھے

3. नीचे के वाक्यों में संकेतवाचक / प्रश्नवाचक सर्वनाम पहचानें और खाली स्थान मे लिखें :

(क) وہ آدمی کہاں گیا؟

....

(ख) یہ لڑکی کس کی بہن ہے؟

....

(ग) وہ لوگ کیا کرتے ہیں؟

....

(ख) یہ بچے یہاں اردو پڑھنے آتے ہیں

....

4. संकेतवाचक सर्वनाम से खाली स्थान भरें :

(क) ....لڑکا گھر جا رہا ہے

(ख) ....کار کس کی ہے؟

(ग) .... بچہ اس اسکول میں پڑھتا ہے

(घ) اس سے پہلے ....اس محلّے میں رہتے تھے

5 नीचे के वाक्यों मे निजवाचक सर्वनाम पहचान कर दिए गए खाली स्थान में लिखे :

(क) میں خود اس کام کو کر رہا ہوں

....

(ख) تم اپنے آپ اردو پڑھنے کی کوشش کرو

....

(ग) ہم آج خود مدرسہ گئے تھے

....

(घ) کل شام تم خود میرے گھر آجانا

....

6. नीचे के वाक्यों को प्रश्नवाचक / अनिश्चयवाचक सर्वनाम भरकर पूरा करें :

(क) واہ! ....خوبصورت بات کہی

(ख) ہم اُن کو.............. تکلیف دینا نہیں چاہتے

(ग) اس کتاب کی قیمت .... ہے

(घ) یہ لڑکا .... کا بیٹا ہے

अभ्यास – 2

1. नीचे के वाक्यों को दिए गए सर्वनामों में से उचित सर्वनाम के द्वारा पूरा करें :

ہم، آپ، تم، تمھیں، اُنھیں، اِنھیں، مجھے

(क) ....ان پر رحم کھانا چاہئے

(ख) .... اس ملک کا مستقبل ہیں

(ग) ....اس شہر سے چلے جانا پڑا

(घ) .... گھر سے باہر کب گئے

(च) اِن دنوں .... میں نے نہیں دیکھا ہے

2. नीचे के वाक्यों में संकेतवाचक / प्रश्नवाचक सर्वनाम बताएं :

(क) وہ لوگ آج کل یہاں نہیں آتے

(ख) وہ کیا کھا رہے ہیں؟

(ग) یہ بچے کہاں جا رہے ہیں؟

(घ) وہ عورتیں یہاں کب آئی تھیں؟

3. नीचे के वाक्यों में सर्वनामों की पहचान करके उनके नीचे रेखा खींचें :

(क) وہ لڑکا مجھ سے پڑھتا ہے

(ख) یہ استاد ہمیں اُردو سکھاتے ہیں

(ग) ہمارا گھر اس جگہ سے کافی دور ہے

(घ) تمھیں میرے گھر آنا چاہئے

(च) میں تیرے ساتھ بازار جاؤں گا

(छ) کل اس کو دلّی جانا ہے

(ज) میں تمھارے دوست کو وہاں بھیج رہا ہوں

4. नीचे के वाक्यों में कर्ता/तिर्यक कारक भर कर पूरा करें :

(क) .... اُردو پڑھنی ہے

(ख) .... آج میرے گھر آنا ہے

(ग) .... کام نہیں آتا ہے

(घ) .... کارخانہ میں کیا بنتا ہے؟

(च) .... ان کے ساتھ پٹیالہ جانا ہے

(छ) .... حیدرآباد میں تم سے ملاقات ہوئی

....

इकाई 3

विशेषण

संरचना :

2.3.0 उद्देश्य

2.3.1 भूमिका

2.3.2 विशेषण

2.3.3 गुण वाचक तथा विधेय विशेषण

2.3.4 विशेषण के दो मुख्य रूप

2.3.5 व्युत्पन्न विशेषण

2.3.6 कर्तृकारक

2.3.7 तुलना कोटि : तर–तम भाव

2.3.8 सर्वनामरूपी विशेषण

2.3.9 विशेषण उपवाक्य

2.3.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढने के उपरांत आप

- विशेषण कोटि को जान जाएँगे
- वाक्य में विशेषण को पहचान पाएँगे
- विशेषण के विभिन्न रूपों को जान जाएँगे
- सर्वनाम को विशेषण रूपी काम करते देख पाएँगे
- कृदंत विशेषण की रचना को समझ पाएँगे

2.3.1 भूमिका

विशेषण संज्ञा के विशेषक होते हैं। उर्दू के वाक्यों में विशेषणं का रूप स्थिति अनुसार परिवर्तनशील है। इस इकाई में विशेषण की व्याख्या संदर्भ अनुसार इसके रूप एवं व्याकारणिक स्थिति पर आधारित होगी। कुछ परिभाषिक शब्द जैसे, संज्ञा एवं सर्वनाम आदि जो विशेषण का प्रकार्य करते हैं उन पर भी इसी इकाई में चर्चा होगी।

2.3.2 विशेषण

आप जानते हैं कि विशेषण संज्ञा के अर्थ को उजागर करता है इसी कारण विशेषण संज्ञापदबंध का भाग है। प्रायः उर्दू में विशेषण संज्ञा से पूर्व आता है यद्यपि संज्ञा के उपरांत भी कुछ कारकों में आता है, विशेषतः क्रिया पदबंध में जैसा कि हम इसी इकाई में पढेंगे। कुछ विशेषणों के रूप लिंग एंव वचन के अनुसार बदलते भी हैं। कुछ अन्य कोटियों के शब्द जैसे, संज्ञा, सर्वनाम आदि को भी विशेषण के रूप मे पढेंगे।

2.3.3 गुणवाचक तथा विधेयवाचक विशेषण

विशेषण दो भागों में विभाजित किया जा सकता है, गुणवाचक तथा विधेयवाचक। गुणवाचक संज्ञा से पूर्व तथा विधेयवाचक संज्ञा के उपरौंत प्रयुक्त होते है। नीचे दिए गए उदाहरण देखें :

(1) ساجد اچھا لڑکا ہے
साजिद अच्छा लडका है।

(2) ساجد کے پاس نیلی قمیض ہے
साजिद के पास नीली कमीज है।

(3) ساجد لال موٹر سائیکل لایا ہے
साजिद लाल मोटर साइकिल लाया है।

(4) یہ لڑکا اچھا ہے
यह लडका अच्छा है।

(5) ساجد کی قمیض نیلی ہے
साजिद की कमीज नीली है।

(6) ساجد کی موٹر سائیکل لال ہے

साजिद की मोटर साइकिल लाल है।

देखिए कि (1), (2), (3) वाक्यों में विशेषण اچھا (अच्छा), نیلی (नीली) तथा لال (लाल) संज्ञाएं لڑکا (लडका), قمیض (कमीज) तथा موٹر سائیکل (मोटर साईकल) के पूर्व आते हैं जबकि यही विशेषण वाक्य (4),(5),(6) में क्रमशः संज्ञा के उपरांत प्रयुक्त होते हैं। अतः (1) (2) तथा (3) के विशेषण गुणवाचक तथा (4), (5) तथा (6) के विधेयवाचक कहलाते हैं।

2.3.4 विशेषण के दो मुख्य रूप

ध्यानपूर्वक देखिए कि विशेषण کالا (काला–एकवचन पुल्लिंग) संज्ञा के लिंग एवं वचन अनुसार کالا (काला), کالے (काले) तथा کالی (काली–एकवचन स्त्रीलिंग) के रूपों में परिवर्तित होता है जबकि विशेषण لال (लाल) उपरोक्त रूपों में अर्थात لال (लाल), لالے (लाले) तथा لالی (लाली) में नहीं बदलता। इस आधार पर हम उर्दू विशेषण को दो मुख्य भागों मे बॉट सकते हैं کالا (काला) एवं لال (लाल) कोटि के विशेषण। प्रथम जिनके रूप बदल जाते हैं और द्वितीय जिनमें कोई परिवर्तन नहीं आता।

नीचे के वाक्यों को देखिए :

(1) وہ کپڑا کالا ہے

वह कपड़ा काला है।

(2) وہ ساڑی کالی ہے

वो साड़ी काली है।

(3) وہ کپڑا لال ہے

वो कपड़ा लाल है।

(4) وہ لال ساڑی ہے

वो लाल साडी है।

(5) وہ کالے کپڑے ہیں

वो काले कपडे हैं।

(6) وہ ساڑیاں کالی ہیں

वो साड़ियां काली हैं।

(7) وہ لال کپڑے ہیں

वो लाल कपडे हैं।

(8) وہ لال ساڑیاں ہیں

वो लाल साड़ियाँ हैं।

2.3.5 व्युत्पन्न विशेषण

विशेषण को एक दूसरी नजर से भी देखा जा सकता है, वो विशेषण जो व्युत्पन्न हैं और वो जो व्युत्पन्न नहीं हैं। जो व्युत्पन्न विशेषण नहीं हैं वे कोशागत विशेषण कहलाते हैं क्योंकि वे शब्द कोश का भाग बन जाते हैं, अव्युत्पन्न विशेषण के उदाहरण हैं اچھا (अच्छा), لمبا (लम्बा) और تندرست (तंदरुस्त) जैसे शब्द। कभी कभी व्युत्पन्न विशेषण बनाने के लिए संज्ञा आदि शब्दों में والا (वाला) जोडना पडता है।

2.3.5.1 والا (वाला) संरचना

والا (वाला) संरचना शाब्दिक रूप अथवा संज्ञा के साथ हो सकती है जैसे آنے والا کل (आने वाला कल)। इसमें शब्द آنے (आने) क्रिया آنا (आना) से बना है तथा पूर्ण रूप آنے والا (आने वाला) کل (कल) का विशेषक है।

नीचे के वाक्यों को देखिए :

چلتی ہوئی مشین

चलती हुई मशीन

دوڑنے والی گاڑی

दौडने वाली गाडी

گرتے ہوے پتے

गिरते हुए पत्ते

گرتی ہوئی دیوار

गिरती हुई दीवार

گرم کی ہوئی چاے

गर्म की हुई चाय

پھیلے ہوے کپڑے

फैले हुए कपड़े

ساڑی والی عورت

साडी वाली औरत

کتاب والی لڑکی

किताब वाली लडकी

لمبی ناک والا آدمی

लम्बी नाक वाला आदमी

इन उदाहरणों में کتاب (किताब), ساڑی (साडी) तथा ناک (नाक) संज्ञा है। والا (वाला) जुडने के उपरांत ये शब्द لڑکی (लडकी), عورت (औरत) तथा آدمی (आदमी) संज्ञाओं के विशेषक में परिवर्तित हो जाते हैं।

2.3..5.2 कृदंत विशेषण

व्युत्पन्न विशेषण कृदंत विशेषण भी कहलाते हैं। कृदंत विशेषण की व्युत्पत्ति क्रिया से होती है। ये कृदंत उपवाक्य के समान होते हैं। नीचे दिए गए उदाहरण देखिए :

پھل دیتے ہوئے حمیدہ بولی

फल देते हुए हमीदा बोली

इसमें कृदंत پھل دیتے ہوئے (फल देते हुए) है। प्रत्येक कृदंत विशेषण के रूप में काम कर सकता है। ہونا (होना) क्रिया रूप से युक्त कृदंत विशेष कृदंत उपवाक्य बनता है, जैसे

روتا ہوا بچہ

रोता हुआ बच्चा।

گرتے ہوئے پتے

गिरते हुए पत्ते।

پھل کھاتے ہوئے بچے

फल खाते हुए बच्चे।

भूतकालिक कृदंत विशेषण से कार्य के समापन अथवा प्रक्रिया का पता चलता है।

یہاں لوگ بیٹھے ہیں لوگ کھانا کھا چکے ہیں

यहां लोग बैठे हैं लोग खाना खा चुके हैं।

یہاں بیٹھے ہوئے لوگ کھانا کھا چکے ہیں

यहां बैठे हुए लोग खाना खा चुके हैं।

2.3.6 कर्ता एवं तिर्यक

पिछले भाग में आपने पढा कि केवल स्त्रीलिंग विशेषण जब बिना परसर्ग वाले कर्ता के रूप में प्रयुक्त होते हैं तब उनके रूप परिवर्तित नहीं होते। इस

भाग में विशेषण को स्त्रीलिंग कर्ता और परसर्ग کو (को) के साथ देखेंगे। पहले नीचे के रूपों को देखें :

संज्ञा (पुल्लिंग)	कर्तकारक (रूप)	तिर्यक रूप (रूप)
एकवचन	اچھا لڑکا अच्छा लड़का	اچھے لڑکے (کو) अच्छे लडके (को)
बहुवचन	اچھے لڑکے अच्छे लडके	اچھے لڑکوں (کو) अच्छे लडकों (को)

اچھا (अच्छा) जैसे शब्द रूप केवल एकवचन कर्ता के साथ आते हैं तथा इसमें कोई परसर्ग नहीं प्रयुक्त होता। लेकिन जब اچھا (अच्छा) का परिवर्तित रूप اچھے (अच्छे) बनता है तो इसके उपरांत परगर्स जैसे کو (को) इस्तेमाल होगा। कर्ता बहुवचन रूप में कर्ता لڑکے (लडके) है जबकि तिर्यक रूप لڑکوں (लडकों) बनेगा। यद्यपि स्त्रीलिंग संज्ञा में जब तिर्यक विशेषण लगेगा तब भी कोई विशेषण शब्द रूप नहीं बदलेगा। स्त्रीलिंग संज्ञा जब विशेषण द्वारा विशेषक बनाएगी तो यह اچھی (अच्छी) जैसे शब्द पर नही परिवर्तित होगी।

संज्ञा (स्त्रीलिंग)	कर्ता (रूप)	तिर्यक (रूप)
एकवचन	اچھی لڑکی अच्छी लडकी	اچھی لڑکی (کو) अच्छी लडकी (को)
बहुवचन	اچھی لڑکیاں अच्छी लडकियां	اچھی لڑکیوں (کو) अच्छी लडकियों (को)

2.3.7 तुलना कोटि

अक्सर विशेषण में तुलना अवस्था तीन प्रकार की होती हैं। साधारण (सामान्य), तरभाव (तुलन) तथा तम भाव (उत्तम अवस्था)। उर्दू में यह भाव अवस्थाएं व्याकर्णिक हैं अर्थात उनमें अभिहित अंत प्रत्यय नहीं होते सिवाय कुछ रूढि बद्ध उदाहरणों के, जैसे :

سب سے اچھا	زیادہ اچھا	اچھا	بدترین	بدتر	بد
सबसे अच्छा	ज्यादा अच्छा	अच्छा	बदतरीन	बदतर	बद

رام کی قمیض شیام کی قمیض سے بہتر ہے

राम की कमीज श्याम की कमीज से बेहतर है।

یہ میز بہتر ہے

यह मेज बेहतर है।

आमतौर पर بہتر (बेहतर – अच्छे के स्थान पर) अच्छा अथवा बढिया के लिए इस्तेमाल होता है। इसका प्रयोग हम

بہت بہتر

बहुत बेहतर

के रूप में भी देखते हैं जोकि व्याकर्णिक तौर पर गलत हैं।

उर्दू में तुलना (तरभाव) दिखाने के लिए سے (से) का इस्तेमाल होता है। سے (से) के बाद विशेषण आता है। अतः वाक्य–विन्यास होता है: संज्ञा –سے +विशेषण, जैसे ,

(1) وہ احمد سے چھوٹا ہے

वो अहमद से छोटा है।

(2) یہ کتاب پہلی کتاب سے اچھی ہے

ये किताब पहली किताब से अच्छी है।

उर्दू में سے के अलावा, फारसी–अरबी से उद्धरित, نسبتاً और بہ نسبت (बनिस्बत) भी इस्तेमाल करते है, जैसे :

(3) حامد کی بہ نسبت اختر زیادہ پڑھا لکھا ہے

हामिद की बनिस्बत अख्तर ज्यादा पढा लिखा है।

नीचे के वाक्यों को गौर से देखिए :

(4) رادھا دونوں لڑکیوں سے بڑی ہے

राधा दोनों लडकियों से बडी है।

(5) دونوں لڑکیوں میں رادھا بڑی ہے

दोनों लडकियों में राधा बडी है।

देखिए कि तमभाव वाक्य (5) अतिशय की ओर इशारा करता है जबकि (6) मे तुलनात्मक भाव की अभिव्यक्ति है।

तमभाव को سب سے (सबसे) और ترین (तरीन) से भी व्यक्त किया जाता है :

(6) یہ سب سے اچھا مکان ہے
ये सबसे अच्छा मकान है।

(7) یہ بہترین شہر ہے
ये बेहतरीन शहर है।

2.3.8 इज़ाफ़त (संयोजक चिन्ह)

फारसी प्रभावानुसार उर्दू में भी यदा–कदा संज्ञा के उपरांत विशेषण का प्रयोग किया जाता है। इनमें संबंध बनाने हेतु जेर (इ या ए स्वर के चिन्ह) लगाते हैं। यह संयोजक चिन्ह होता है, जैसे ,

इज़ाफ़त सहित	इज़ाफ़त के बग़ैर
مردِ نیک मर्दे–नेक	نیک مرد नेक मर्द
عہدِ زریں अहदे–जर्री	زریں عہد जर्री अहद
دلِ غمگین दिले–गमगीन	غمگین دل गमगीन दिल
شبِ تاریک शबे–तारीक	تاریک شب तारीक शब

2.3.9 विशेषण रूपी सर्वनाम

कुछ सर्वनाम विशेषण के तौर पर भी इस्तेमाल होते हैं। इसमें महत्वपूर्ण कोटि संकेतवाचक तथा अनिश्चय वाचक सर्वनामों की है जो विशेषण के रूप में इस्तेमाल होते हैं।

जैसा कि सर्वनाम संबंधी इकाई (2.2) में बताया गया है कि یہ (ये) निकट वर्ती तथा وہ (वो) दूरवर्ती अर्थों में इस्तेमाल होते हैं। नीचे लिखे वाक्यों को पढिये

(1) یہ لڑکا ایک کتاب لایا ہے
ये लड़का एक किताब लाया है।

(2) وہ لڑکی ایک کتاب لائی ہے

वो लडकी एक किताब लाई है।

संकेतवाचक विशेषण وہ/یہ (वो/ये) हमेशा एकल संज्ञा لڑکا/لڑکی (लडका/लडकी) आदि के लिए इस्तेमाल होते हैं। इसी तरह अनिश्चय वाचक सर्वनाम जैसे کوئی (कोई) अथवा کچھ (कुछ) का प्रकार्य भी विशेषण के रूप में होता है विशेषतः जब वे संज्ञा को विशेषण में परिवर्तित कर देते हैं, जैसे :

(3) آپ سے ملنے کوئی شخص آیا ہے

आपसे मिलने कोई शख्स आया है।

(4) مجھے کچھ کتابیں چاہئیں

मुझे कुछ किताबे चाहिए।

ऊपर लिखे वाक्यो में کوئی और شخص किसी आदमी के अर्थ में इस्तेमाल हुए हैं। अतः उन्होंने شخص और کتابیں संज्ञा को क्रमशः विशेषक बना दिया है।

2.3.10 विशेषण कारक

विशेषण प्रकार्य आश्रित उपवाक्य भी कहलाता है। आश्रित उपवाक्य की संरचना वाक्य की तरह ही होती है। लेकिन संपूर्ण अर्थ के लिए यह अन्य वाक्य अथवा उपवाक्य पर निर्भर होता है, जैसे

(1) وہ بچوں کو دیکھ رہا ہے بچے میدان میں کھیل رہے ہیں

वो बच्चों को देख रहा है बच्चे मैदान में खेल रहे हैं।

(2) وہ ان بچوں کو دیکھ رہا ہے جو میدان میں کھیل رہے ہیں

वो उन बच्चों को देख रहा है जो मैदान में खेल रहे हैं।

ऊपर लिखे वाक्य (2) में جو میدان میں کھیل رہے ہیں आश्रित उपवाक्य है जो संज्ञा بچوں (बच्चों) का विशेषक बनती है।

अभ्यास – 1

1. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण को पहचान कर दिए गए खाली स्थान में लिखें :

(क) گھر میں ایک بڑا حوض ہے

....

(ख) مدرسہ میں ذہین بچے پڑھتے ہیں

....

(ग) چاندنی چوک میں عمدہ و نفیس چیزیں ملتی ہیں

....

2. खाली स्थान भरें

(क) احمد ....طالب علم ہے

(ख) ساجد .... گھرانے سے تعلق رکھتا ہے

(ग) بچہ ....چیزیں پسند نہیں کرتا

(घ) .... کالج میں اردو کے بہترین استاد پڑھاتے ہیں

3. दिए गए वाक्यों मे सामान्य (तरभाव)/तुलना / अतिशय (तमभाव) कोटि के विशेषणों को रेखांकित करे :

(क) یہ جگہ بہتر ہے

(ख) اس ہوٹل میں عمدہ ترین غذا ملتی ہے

(ग) اس بازار میں بہت مہنگی چیزیں بکتی ہیں

(घ) یہ بچہ اپنی کلاس کا ذہین ترین طالب علم ہے

(च) عموماً کند بچے اچھے نمبر نہیں لا پاتے

4. नीचे लिखे शब्दों के तुलन (तरभाव) और अतिशय भाव (तम भाव) विशेषण बनाकर उनसे अपने वाक्य बनाए :

خوب ، اہم ، سخت ، پسندیدہ ، بلند ، تیز

5. संज्ञा में والا، والے، والی जोडकर आवश्यक परिवर्तन के साथ वाक्य बनाएं :

(क) ....سبزی بیچ رہا تھا

....

(ख) ....دکان پر نہیں تھا

....

(ग) ....تانگہ چھوڑ کر بھاگ گیا

....

(घ) ....لوگ چھوٹی چھوٹی باتوں کا بُرا نہیں مانتے

....

(च) ....ہمیشہ اچھا کام کرتے ہیں

....

अभ्यास – 2

1. तुलन कोटि (तर भाव) के विशेषण लगाकर नीचे दिए गए वाक्यों को पूरा करें :

(क) یہ باغ اُس باغ سے .... ہے

(ख) انسان دوستی ہر امر .... ہے

(ग) ہندستان دوسرے ملکوں سے .... ہے

(घ) احمد تمام طالب علموں سے .... نہیں ہے

2. नीचे दिए गए वाक्यों को पूरा करें तथा विशेषण पदबंध के नीचे रेखांकित करें :

(क) ....بہترین داستانیں قلمبند کیں

(ख) ....کی اہم کتابیں اُردو بازار میں ملتی ہیں

(ग) .... خراب عادتوں نے تباہ کردیا

(घ) .... کے زمانے میں مشہور و معروف عمارات بنائی گئیں

3. नीचे लिखी तुलन कोटि के विशेषणों से वाक्य बनाएं :

کے آگے، کے سامنے، کے مقابلے

4. नीचे दिए गए विशेषणों से वाक्य बनाएं :

حسین شجاع امیر بے ایمان تیزرفتار تلخ مضبوط

5. नीचे के शब्दों से तुलन (तर भाव) और अतिशय (तमभाव) कोटि के विशेषण बनाकर उनके वाक्य बनाएं :

نفیس حسین خراب تلخ شیریں

6. नीचे के शब्दों से दस वाक्य बनाएं :

اہل والا والے والی

....

इकाई 4

संख्यांक

संरचना :

2.4.0 उद्देश्य

2.4.1 भूमिका

2.4.2 संख्यॉक

2.4.3 गणन संख्या

2.4.4 क्रम सूचक

2.4.5 गुणात्मक

2.4.6 भिन्न / टुकड़ा

2.4.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढने के बाद आप

- प्रमुख संख्यॉक,
- संख्यॉक किस तरह विशेषण का कार्य करते हैं,
- गणन, क्रमसूचक एवं गुणात्मक संख्याओं, तथा
- संख्यॉक के प्रमुख कार्यों को जान पाएँगे

2.4.1 भूमिका

संख्यॉक एक अविकारी समूह है जो संख्याओं एवं अन्य गुण को निर्दिष्ट करता है। इस इकाई में संख्यॉक को परिभाषित किया जाएगा एवं उसका वाक्य

में क्या प्रकार्य है उस पर भी प्रकाश डाला जाएगा। इसके अलावा संख्यॉक के उपवर्गों को जैसे गणन, क्रमसूचक एवं गुणात्मक संख्याओं को भी उपयुक्त उदाहरणों के साथ स्पष्ट किया जाएगा।

2.4.2 संख्यॉक

उर्दू में संख्यॉक शब्दों का एक ऐसा समूह है जो मुख्यरूप से विशेषण के रूप मे प्रयुक्त होते हैं। जैसे چار دن (चार दिन), تین گنا منافع (तीन गुना मुनाफा), आदि सख्या, मात्रा एवं अन्य दूसरी इकाइयों को प्रदर्शित करता है। कभी कभी कुछ संख्यॉक जो गणनीय होते हैं अनिश्चयवाचक सर्वनाम के रूप में कार्य करते है, उदाहरण: سب (सब), بہت (अधिक), کچھ (कुछ)। संख्यॉक अनिश्चयवाचक एव निश्चयवाचक दोनों ही हो सकते हैं। निश्चयवाचक संख्यॉक, सख्या जैसे دس (दस), چار (चार), بیس (बीस) आदि हैं। अनिश्चयवाचक संख्यॉक साधारणतः काफी सामान्य होते हैं, जैसे : بہت سے (कई) تھوڑے سے (कुछ)। परन्तु इस इकाई में सिर्फ निश्चित संख्यांक को ही प्रदर्शित किया जाएगा जिसके कई उपवर्ग हैं, जैसे गणन, क्रमसूचक, गुणात्मक एवं भिन्न संख्याएँ।

2.4.3 गुणन संख्या

गणन संख्या संख्यॉक का एक ऐसा उपवर्ग है जो कि आधारभूत संख्याएँ जैस ایک (एक), دو (दो), تین (तीन), سو (सौ) आदि को व्यक्त करता है। ये सभी لال (लाल) की तरह के विशेषण हैं जो लिंग भेद को प्रदर्शित नहीं करते, उदाहरण :

ایک گھوڑا	ایک گھوڑی	تین میزیں	تین کرسیاں
एक घोड़ा	एक घोडी	तीन मेजें	तीन कुर्सियां

ایک (एक), एकवचन है एवं शेष सभी बहुवचन हैं। इस संख्याओं का रूप संज्ञा के लिंग अनुसार नहीं बदलता है। जैसे,

ایک لڑکا پڑھ رہا ہے

एक लड़का पढ रहा है।

ایک لڑکے کو بلاؤ

एक लडके को बुलाओ।

2.4.4 क्रमसूचक संख्यॉंक

क्रमसूचक संख्यॉंक संख्यावाचक की एक उपकोटि है जिससे किसी समुच्चय का अंश आदि निर्दिष्ट होता है।

पहले चार तथा छठा क्रमसूचक इस प्रकार हैं :

چھٹا	چوتھا	تیسرا	دوسرا	پہلا
छटा	चौथा	तीसरा	दूसरा	पहला

इनके अतिरिक्त किसी भी अन्य संख्या में واں (वॉं) जोड़कर उसे क्रमसूचक बनाया जा सकता है :

سوواں	اکیسواں،	دسواں،	ساتواں،	پانچواں
सौवां	इक्कीसवां	दसवां	सातवां	पांचवां

संज्ञा रूप अनुसार क्रमसूचक के लिंग भेद रूप भी परिवर्तित होते हैं जैसे, کالا (काला) रूप में पहले दर्शाया जा चुका है।

کالی بلی	کالے کپڑے	کالا کپڑا
काली बिल्ली	काले कपडे	काला कपडा
دسویں لڑکی	دسویں لڑکے	دسواں لڑکا
दसवीं लड़की	दसवें लडके	दसवां लड़का

2.4.5 गुणात्मक संख्यॉंक

गुणात्मक संख्यॉंक भी संख्यावाचक की एक उपकोटि है। नीचे लिखे शब्दों के संयोजन से इनको बनाया जाता है :

گنا	گنی،	بار،	دفعہ،	مرتبہ،
गुना	गुनी	बार	दफा	मर्तबा

(क) आकार अथवा मात्रा के लिए گنا (गुना) का संयोजन करते हैं, जैसे :

چارگنا (چوگنا)	تین گنا (تگنا)	دوگنا (دُگنا)
चौ गुना	तिगुना	दुगना

(ख) बारंबारता के लिए مرتبہ، دفعہ या بار का इस्तेमाल करते हैं, जैसे ,

پہلی مرتبہ	پہلی بار	ایک دفعہ
पहली मर्तबा	पहली बार	एक दफा

(ग) वस्त्र आदि की लडी अथवा बल को दर्शाने के लिए नीचे लिखे रूप इस्तेमाल में आते हैं :

اکہرا / اکہری	دوہرا / دوہری
इकहरा / इकहरी	दोहरा / दोहरी
چوہرا / چوہری	تہرا / تہری
चौहरा / चौहरी	तिहरा / तिहरी

अभ्यास – 1

(1) नीचे लिखे वाक्यों में गणनावाची संख्यावाचकों के नीचे रेखा खींचें :

(क) اس کتاب خانہ میں پانچ شعبے ہیں

(ख) بازار میں صرف چھ دکانیں ہیں

(ग) میدانِ جنگ میں سپاہیوں کی دس صفیں بنائی گئیں

(घ) دلی ابھی نو سو میل دور ہے

(च) حامد کو یہاں سے گئے گیارہ سال ہوگئے

(2) नीचे के वाक्यों में संख्यावाचक की उपकोटि पहचान कर दिए गए खाली स्थानों में लिखें :

(क) وہ آدمی پون بجے نہیں آیا ....

(ख) ٹرین ساڑھے سات بجے اسٹیشن پر پہنچی ....

(ग) اس نے سارے کالے کپڑے باہر پھینک دیئے ....

(घ) ہمارے گھر کی آدھی دیوار زمین میں دھنس گئی ....

(च) میرا بیٹا بارہویں درجے میں پڑھتا ہے ....

(3) नीचे के वाक्यों में दिए गए क्रमसूचक संख्यावाचकों को पहचानें और वाक्य बनाकर दिए गए खाली स्थानों में लिखें :

(क) چاند پر پہلا سیارہ امریکہ نے بھیجا تھا

....

....

(ख) دوسرا چور ابھی اس راستے سے بھاگ گیا ہے

....

....

(ग) وہ کرکٹ ٹیم کا بارہواں کھلاڑی تھا

....

....

(घ) آج مہینے کا سولہواں دن ہے

....

....

(च) پرسوں رمضان کا آخری روزہ تھا

....

....

(4) निम्नलिखित वाक्यों में गुणात्मक संख्यावाचक की पहचान कर उनके नीचे रेखा खींचें :

(क) شبیر کئی مرتبہ اس شہر میں آچکا ہے

(ख) احمد نے کئی گنا اناج گھر میں جمع کر رکھا ہے

(ग) پریم چند کے ناول میں کئی بار پڑھ چکا ہوں

(घ) اس دفعہ کا اول طالب علم ساجد رہا

(च) رام دُگنا دودھ پی گیا

(5) नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य बनाएँ :

پانچ مرتبہ، دس گنا، دوسری بار، چھٹی دفعہ

اِکہرا، چوہرا، تہرا

अभ्यास – 2

(1) नीचे लिखे वाक्यों में गणनावाची संख्यावाचक पहचान कर उनसे नए वाक्य बनाएँ :

(क) میرے گھر میں چار کمرے ہیں

(ख) احمد کے علاوہ آٹھ لوگ اُردو میلے میں آئے

(ग) اس زمین کا ایک حصہ اسکول کے لیے مخصوص ہے

(घ) تمھارے بھائی کے پاس میری دس کتابیں ہیں

(च) ساجد کے گھر کی چھت دس فٹ سے اونچی ہے

(2) गणनावाची संख्यावाचक इस्तेमाल करते हुए पाँच वाक्य बनाएँ :

(3) नीचे दिए गए क्रमवाची संख्यावाचको से वाक्य बनाएँ :

بارھواں پہلا پانچواں سوواں پچیسواں

(4) नीचे दिए गुणात्मक संख्यावाचकों से वाक्य बनाएँ :

پون ساڑھے ڈھائی سوا ساڑھے چھ آدھا

دوتہائی پوناکپ سارےدن آدھی‌رات نصف‌صدی تین‌چوتھائی

....

अभ्यास – 1 उत्तर

खंड – 2

इकाई 1

(1) (क) حامد، بازار (ख) موہن، کرکٹ (ग) احمد، کتاب (घ) بادشاہ، تاج

(2) (क) تخت (ख) تاج (ग) مداری، کھیل (घ) بھالو
(च) سپاہی (छ) آم

(3) (क) دیوار (ख) دوا (ग) گاڑی (घ) کھڑکی

(4) पुल्लिंग संज्ञा گھر، آلو، پاجامہ، کاغذ، قلم
स्त्रीलिंग संज्ञा کرسی، ندی، پگڑی، بلی، بکری

(5) (क) जातिवाचक संज्ञा شہر (ख) जातिवाचक संज्ञा راجدھانی
व्यक्तिवाचक संज्ञा آگرہ व्यक्तिवाचक संज्ञा ہندستان
(ग) जातिवाचक संज्ञा مدرسہ (घ) जातिवाचक संज्ञा عمارت
व्यक्तिवाचक संज्ञा شبنم व्यक्तिवाचक संज्ञा قطب مینار

इकाई 2

(1) (क) میں (ख) وہ (ग) تم (घ) ہم

(2) (क) وہ (ख) تم (ग) میں (घ) ہم

(3) (क) وہ (ख) یہ (ग) وہ (घ) یہ

(4) (क) وہ (ख) یہ (ग) یہ (घ) ہم

(5) (क) خود (ख) اپنے آپ (ग) خود (घ) خود

(6) (क) کتنی (ख) کوئی (ग) کتنی (घ) کس

इकाई 3

(1) (क) بڑا (ख) ذہین (ग) عمدہ و نفیس (घ) بہترین

(2) (क) ذہین (ख) اچھے (ग) گھٹیا (घ) نامور

(3) (क) بہتر (ख) عمدہ ترین (ग) بہت مہنگی (घ) ذہین ترین

(च) اچھے، کند

(4) خوب تر، خوب ترین ، اہم تر ، اہم ترین، سخت تر، سخت ترین

پسندیدہ تر، پسندیدہ ترین ، بلند تر، بلند ترین، تیز تر، تیز ترین

(5) (क) سبزی والا (ख) دکان والا (ग) تانگے والا

(घ) اچھے مزاج والے (च) محنت کرنے والے

इकाई 4

(1) (क) پانچ (ख) چھ (ग) دس (घ) نو سو (च) گیارہ

(2) (क) क्रमसूचक संख्यॉक (ख) क्रमसूचक संख्यॉक

(ग) क्रमसूचक संख्यॉक (घ) गुणात्मक संख्यॉक

(च) क्रमसूचक संख्यॉक

(3) (क) پہلا (ख) دوسرا (ग) بارہواں (घ) سولہواں (च) پرسوں

(4) (क) کئی مرتبہ (ख) کئی گنا (ग) کئی بار (घ) دفعہ (च) دگنا

....

खंड 3

इस खंड में आप उर्दू में इस्तेमाल होने वाली क्रिया–रूपों के बारे में पढ़ेंगे। किसी भी वाक्य के क्रिया पदबंध का क्रिया एक महत्त्वपूर्ण भाग होती है। क्रिया का रूप वाक्य में प्रयुक्त संज्ञा के संदर्भ में पुरुष, वचन, लिंग भेद और क्रिया के अपने काल, वाच्य वृत्ति आदि के अनुसार बदलता रहता है। इस खंड में क्रिया के विभिन्न रूपों का विवरण उदाहरणों के द्वारा दिया गया है। इस खंड में निम्नलिखित इकाईयाँ हैं :

इकाई 1 — वर्तमान काल तथा भूतकाल (सामान्य, घटमान, स्वाभाविक, संभावनार्थक तथा भविष्य कालिक रूप)

इकाई 2 — पूर्णकालिक (पूर्णतावाची) रूप

इकाई 3 — हेतुमद, संभावी और भावार्थक वाक्य एवं वृत्तिवाचक सहायक क्रिया रूप

इकाई 4 — अकर्मक, सकर्मक, व्युत्पन्न सकर्मक तथा प्रेरणार्थक रूप

प्रत्येक इकाई के अंत में **स्वयं–परीक्षण** अभ्यास के रूप में अभ्यास–1 दिया गया है जिसे इकाई के पठन उपरान्त पूरा करना है। प्रश्नों की कुंजी खंड के अंत में दी गई है। **स्वयं परीक्षण** अभ्यास के अतिरिक्त **अभ्यास**–2 दिया गया है जिसके उत्तर विद्यार्थी एक अलग पृष्ठ पर लिखकर काउन्सिल को भेजें। प्रयुक्त शब्दों के अर्थ शब्दावली के रूप में पुस्तक के अंत में दिए गए हैं।

इकाई 1

वर्तमान काल एवं भूतकाल

(सामान्य, घटमान और संभावनार्थ तथा भविष्य रूप)

संरचना :

3.1.0 उद्देश्य

3.1.1 भूमिका

3.1.2 लिंग भेद एवं वचन अनुसार क्रिया रूप

3.1.3 [illegible] के वर्तमान काल एवं भूतकालिक क्रियारूप

3.1.4 सामान्य वर्तमान एवं कालिक, स्वाभाविक वर्तमान काल

3.1.4.1 सामान्य वर्तमान काल

3.1.4.2 अभ्यस्त वर्तमान काल

3.1.5 सामान्य भूत और अपूर्ण स्वाभाविक

3.1.6 भविष्य काल

3.1.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढने के उपरांत आप जान पाएँगे कि क्रिया रूप निम्नलिखित कारणों से परिवर्तित होते हैं :

- लिंग एवं वचन
- सामान्य वर्तमान काल एवं सामान्य भूतकाल
- वर्तमान घटमान एवं भूत घटमानकाल
- भविष्य काल

3.1.1 भूमिका

क्रिया, क्रिया पदबंध का महत्वपूर्ण घटक है। इस पुस्तक के खंड – 1 में बताया गया है कि क्रिया पदबंध वाक्य के विधेय के समान होता है। इसमें क्रिया धातु के साथ वृत्ति, काल, पक्ष, लिंग, वाच्य, वचन और लिंग, क्रिया विशेषण एवं वृत्तिवाचक सहायक क्रियाएं भी शामिल होती हैं :

(1) احمد کتاب پڑھ رہا ہے

अहमद किताब पढ रहा है।

(2) احمد بہت تیز دوڑ رہا ہے

अहमद बहुत तेज दौड रहा है।

वाक्य (1) में کتاب پڑھ رہا ہے क्रिया पदबंध है। इसमें کتاب कर्म (संज्ञा) तथा پڑھ رہا ہے क्रिया रूप हैं। वाक्य (2) में بہت تیز دوڑ رہا ہے क्रिया पदबंध है जिसमें بہت تیز क्रिया विशेषणात्मक तथा دوڑ رہا ہے क्रिया रूप हैं।

कर्म संज्ञा अथवा सर्वनाम से बनता है। इस इकाई में केवल क्रिया के संबध में ही चर्चा होगी जो वाक्य का एक महत्वपूर्ण घटक है।

इस इकाई में वर्तमान एवं भूतकालिक सामान्य तथा घटमान संभावनार्थ एवं भविष्य काल संबधी क्रिया के बारे में विवरण दिया गया है।

3.1.2 लिंग एवं वचनानुसार क्रिया रूप

उर्दू भाषा में क्रिया की अन्विति कर्ता के लिंग एवं वचन से होती है। नीचे के वाक्यों में چلنا (चलना) क्रिया के विभिन्न रूप देखिए :

शब्दाँत ا، ی، ے، یں ध्वनियाँ काल तथा लिंग की द्योतक हैं,

स्त्रीलिंग		पुल्लिंग	पुरुष	
چلی	/	چلا	میں	मैं चला / चली
چلی	/	چلا	تو	तू चला / चली
چلی	/	چلے	تم	तुम चले / चली
چلی	/	چلا	وہ	वो चला / चली
چلیں	/	چلے	ہم	हम चलें / चलीं
چلیں	/	چلے	تم	तुम चले / चलीं
چلیں	/	چلے	آپ	आप चले / चलीं
چلیں	/	چلے	وہ	वो चले / चलीं

(उर्दू में **वह** और **वे** के लिए एक ही सर्वनाम रूप **'वो'** है)

3.1.3 ہونا के वर्तमान एवं भूतकालिक क्रिया रूप

उर्दू में क्रिया के वर्तमान, भूत एवं भविष्य रूप बनाए जा सकते हैं। आईये पहले ہونا के वर्तमान एवं भूतकालिक क्रिया रूपों को देखें। इसके उपरांत संभावनार्थ रूपों पर चर्चा होगी।

ہونا का वर्तमान क्रिया रूप की अन्विति कर्ता अथवा सर्वनाम के वचन–पुरुष से होती है :

एक वचन :

उत्तम पुरुष	میں ہوں	मैं हूँ	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تم ہو (تو ہے) / آپ ہیں	आप हैं / तुम हो (तू है)	” ”
अन्य पुरुष	وہ ہے	वो है	” ”

बहुवचन

उत्तम पुरुष	ہم ہیں	हम है	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	آپ ہیں	आप हैं	” ”
अन्य पुरुष	وہ ہیں	वो हैं	” ”

ہونا का भूतकालिक क्रियारूप تھا है। नीचे के वाक्य देखिये :

एक वचन

उत्तम पुरुष	میں تھا / تھی	मैं था / थी	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تم تھے / تھیں	तुम थे / थीं	” ”
	تو تھا / تھی	तू था / थी	
	آپ تھے / تھیں	आप थे / थीं	
अन्य पुरुष	وہ تھا / تھی	वो था / थी	” ”

बहुवचन

उत्तम पुरुष	ہم تھے / تھیں	हम थे / थीं	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تم تھے / تھیں	तुम थे / थीं	” ”
	آپ تھے / تھیں	आप थे / थीं	
अन्य पुरुष	وہ تھی / تھیں	वो थी / थीं	” ”

چلنا के संभावनार्थक क्रिया रूप की अन्विति कर्ताद्योतक संज्ञा अथवा सर्वनाम के पुरुष अनुसार होती है। संभावनार्थक वृति के द्वारा संदेहार्थ भाव प्रकट किया जाता है। इसमें उत्तम पुरुष क्रिया रूप लगभग वर्तमान क्रियारूप के समान ही होते हैं :

एक वचन :

उत्तम पुरुष	میں چلوں	मैं चलूँ	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تم چلو	तुम चलो	" "
	تو چلے	तू चले	
	آپ چلیں	आप चलें	
अन्य पुरुष	وہ چلے	वो चले	" "

बहुवचन :

उत्तम पुरुष	ہم چلیں	हम चलें	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تم چلو	तुम चलो	" "
	آپ چلیں	आप चलें	" "
अन्य पुरुष	وہ چلیں	वो चलें	" "

3.1.4 स्वाभाविक वर्तमान एवं घटमान वर्तमानकाल

स्वाभाविक वर्तमान क्रिया रूप से आम प्रक्रिया अथवा स्थिति का पता चलता है। इसमें क्रिया के मूल रूप के साथ अपूर्ण द्योतक تا ، تے अथवा تی तथा वर्तमान कालिक सहायक क्रिया जुड़ती है। नीचे लिखे वाक्यों में جانا के सामान्य वर्तमान कालिक क्रिया रूपों को देखिये :

एक वचन

उत्तम पुरुष	میں جاتا ہوں	मैं जाता हूँ	(पुल्लिंग)
	میں جاتی ہوں	मैं जाती हूँ	(स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تم جاتے ہو/جاتی ہو	तुम (तू) जाते हो / जाती हो	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
	تو جاتا ہے	तू जाता है	(पुल्लिंग)
	تو جاتی ہے	तू जाती है	(स्त्रीलिंग)
	آپ جاتے ہو/جاتی ہیں	आप जाते हो / जाती हैं	" "

अन्य पुरुष	وہ جاتا ہے	वो जाता है	(पुल्लिंग)
	وہ جاتی ہے	वो जाती है	(स्त्रीलिंग)

बहुवचन :

उत्तम पुरुष	ہم جاتے ہیں	हम जाते हैं	(पुल्लिंग)
	ہم جاتے ہیں	हम जाते हैं	(स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تم جاتے ہو	तुम जाते हो	(पुल्लिंग)
	تم جاتی ہو	तुम जाती हो	(स्त्रीलिंग)
	آپ جاتے ہیں	आप जाते हैं	(पुल्लिग)
	آپ جاتی ہیں	आप जाती हैं	(स्त्रीलिंग)
अन्य पुरुष	وہ جاتے ہیں	वो जाते हैं	(पुल्लिंग)
	وہ جاتی ہیں	वो जाती हैं	(स्त्रीलिंग)

उदाहरण :

(1) ہماری کلاس نو بجے شروع ہوتی ہے
हमारी क्लॉस नौ बजे शुरू होती है।

(2) گرمیوں میں ہم شملہ جاتے ہیں
गर्मियों में हम शिमला जाते हैं।

(3) تم ہر روز کیا کرتے ہو؟
तुम हर रोज क्या करते हैं?

घटमान वर्तमानकाल निरंतर चल रही (घट रही) प्रक्रिया दर्शाता है। इसमें क्रिया रूप के उपरांत رہا، رہی अथवा رہے जुड़ने के उपरांत सहायक क्रिया ہونا का वर्तमान रूप इस्तेमाल होता है। क्रिया की अन्विति कर्ता के अनुसार होती है। नीचे के उदाहरणों में جانا के सामान्य वर्तमान क्रिया रूप देखिए .

एक वचन :

उत्तम पुरुष	میں جا رہا ہوں	मैं जा रहा हूँ	(पुल्लिंग)
	میں جا رہی ہوں	मैं जा रही हूँ	(स्त्रीलिंग)

मध्यम पुरुष	تو جا رہا ہے	तू जा रहा है	(पुल्लिंग)
	تو جا رہی ہے	तू जा रही है	(स्त्रीलिंग)
	تم جا رہے ہو/ جا رہی ہو	तुम जा रहे हो/ जा रही हो	(पुलिंग/ स्त्रीलिंग)
	آپ جا رہے ہیں/ جا رہی ہیں	आप जा रहे है/ रही हैं	(पुलिंग/ स्त्रीलिंग)
अन्य पुरुष	وہ جا رہا ہے	वो जा रहा है	(पुल्लिंग)
	وہ جا رہی ہے	वो जा रही है	(स्त्रीलिंग)

बहुवचन .

उत्तम पुरुष	ہم جا رہے ہیں	हम जा रहे हैं	(पुल्लिंग)
	ہم جا رہے ہیں	हम जा रहे है	(स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تم جا رہے ہو	तुम जा रहे हो	(पुल्लिंग)
	تم جا رہی ہو	तुम जा रही हो	(स्त्रीलिंग)
	آپ جا رہے ہیں	आप जा रहे है	(पुल्लिग)
	آپ جا رہی ہیں	आप जा रही हैं	(स्त्रीलिग)
अन्य पुरुष	وہ جا رہے ہیں	वो जा रहे हैं	(पुल्लिग)
	وہ جا رہی ہیں	वो जा रही हैं	(स्त्रीलिग)

उदाहरण :

(4) احمد اب گھر جا رہا ہے

अहमद अब घर जा रहा है।

(5) اس وقت میں کتاب پڑھ رہا ہوں

इस वक्त मैं किताब पढ रहा हूँ।

(6) رادھا اور سیما کھانا کھا رہی ہیں

राधा और सीमा खाना खा रही हैं।

3.1.5 स्वाभाविक भूत और घटमान भूत कालिक क्रिया रूप

स्वाभाविक भूत से अभिप्राय वह क्रिया रूप है जिससे भूतकाल में किसी

प्रक्रिया के होने का संकेत मिलता है। इसमें क्रिया के मूल रूप के साथ अपूर्ण द्योतक تا ، تے अथवा تی जुड़ता है तथा भूतकालिक सहायक क्रिया जो कर्ता के वचन–पुरुष के अनुसार होती है, अंत में जुड़ती है। جانا क्रिया के भूतकालिक क्रिया रूपों का इस्तेमाल नीचे दिए गए उदाहरणों में देखिये :

एकवचन :

उत्तम पुरुष	میں جاتا تھا	मैं जाता था	(पुल्लिंग)
	میں جاتی تھی	मैं जाती थी	(स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تو جاتا تھا	तू जाता था	(पुल्लिंग)
	تو جاتی تھی	तू जाती थी	(स्त्रीलिंग)
	تم جاتے تھے / جاتی تھیں	तुम जाते थे / जाती थीं	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
	آپ جاتے تھے / جاتی تھیں	आप जाते थे / जाती थीं	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
अन्य पुरुष	وہ جاتا تھا	वो जाता था	(पुल्लिंग)
	وہ جاتی تھی	वो जाती थी	(स्त्रीलिंग)

बहुवचन

उत्तम पुरुष	ہم جاتے تھے	हम जाते थे	(पुल्लिंग)
	ہم جاتے تھے	हम जाते थे	(स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تم جاتے تھے	तुम जाते थे	(पुल्लिंग)
	تم جاتی تھیں	तुम जाती थीं	(स्त्रीलिंग)
	آپ جاتے تھے	आप जाते थे	(पुल्लिंग)
	آپ جاتی تھیں	आप जाती थीं	(स्त्रीलिंग)
अन्य पुरुष	وہ جاتے تھے	वो जाते थे	(पुल्लिंग)
	وہ جاتی تھیں	वो जाती थीं	(स्त्रीलिंग)

उदाहरण :

(1) دو سال پہلے ہم دلّی میں رہتے تھے

दो साल पहले हम दिल्ली में रहते थे।

(2) پچھلے سال میں اسکول میں کام کرتا تھا

पिछले साल मैं स्कूल में काम करता था।

(3) پہلے لڑکیاں گھر پر ہی رہتی تھیں

पहले लडकियाँ घर ही रहती थीं।

घटमान भूतकालिक क्रिया से अभिप्राय उस क्रिया से है जिससे भूतकाल में किसी कार्य के जारी रखने की तरफ संकेत हो। इस क्रिया में मूल क्रिया रूप के साथ رہا، رہی अथवा رہے एवं भूतकालिक सहायक क्रिया जुडती है :

एकवचन :

उत्तम पुरुष	میں جا رہا تھا	मैं जा रहा था	(पुल्लिंग)
	میں جا رہی تھی	मैं जा रही थी	(स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تو جا رہا تھا	तू जा रहा था	(पुल्लिंग)
	تو جا رہی تھی	तू जा रही थी	(स्त्रीलिंग)
	تم جا رہے تھے	तुम जा रहे थे	(पुल्लिंग /
	تم جا رہی تھیں	तुम जा रही थीं	स्त्रीलिंग)
	آپ جا رہے تھے	आप जा रहे थे	(पुल्लिंग /
	آپ جا رہی تھیں	आप जा रही थीं	स्त्रीलिंग)
अन्य पुरुष	وہ جا رہا تھا	वो जा रहा था	(पुल्लिंग)
	وہ جا رہی تھی	वो जा रही थी	(स्त्रीलिंग)
उत्तम पुरुष	ہم جا رہے تھے	हम जा रहे थे	(पुल्लिंग)
	ہم جا رہے تھے	हम जा रहे थे	(पुल्लिंग)
मध्यम पुरुष	تم جا رہے تھے	तुम जा रहे थे	(पुल्लिंग)
	تم جا رہی تھیں	तुम जा रही थीं	(स्त्रीलिंग)
	آپ جا رہے تھے	आप जा रहे थे	(पुल्लिंग)
	آپ جا رہی تھیں	आप जा रही थीं	(स्त्रीलिंग)
अन्य पुरुष	وہ جا رہے تھے	वो जा रहे थे	(पुल्लिंग)
	وہ جا رہی تھیں	वो जा रही थीं	(स्त्रीलिंग)

उदाहरण :

(1) اِس وقت کل میں بس میں سفر کر رہا تھا

इस वक्त कल मैं बस में सफर कर रहा था।

(2) پچھلے ہفتے آج کے دن ہم پہاڑ پر چڑھ رہے تھے

पिछले हफ्ते आज के दिन हम पहाड पर चढ रहे थे।

(3) وہ اس وقت کل امتحان کی تیاری کر رہی تھیں

वो इस वक्त कल इम्तिहान की तैयारी कर रही थी।

3.1.6 भविष्य काल

भविष्य कालिक क्रिया रूप संभावनार्थक क्रिया रूप में گا، گی अथवा گے जुड कर बनता है। भविष्य द्योतक की कर्ता सज्ञा अथवा सर्वनाम के वचन पुरुष के अनुसार अन्विति होती है। नीचे के वाक्यों में جانا (जाना) के भविष्य क्रिया रूपों को देखिये :

एकवचन :

उत्तम पुरुष	میں جاؤں گا	मैं जाऊँगा	(पुल्लिंग)
	میں جاؤں گی	मैं जाऊँगी	(स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تو جائے گا	तू जाएगा	(पुल्लिंग)
	تو جائے گی	तू जाएगी	(स्त्रीलिंग)
	تم جاؤ گے	तुम जाओगे	(पुल्लिंग)
	تم جاؤ گی	तुम जाओगी	(स्त्रीलिंग)
अन्य पुरुष	وہ جائیں گے	वो जाएँगे	(पुल्लिंग)
	وہ جائیں گی	वो जाएँगी	(स्त्रीलिंग)
	وہ جائے گا	वो जाएगा	(पुल्लिंग)
	وہ جائے گی	वो जाएगी	(स्त्रीलिंग)

बहुवचन :

उत्तम पुरुष	ہم جائیں گے	हम जाएँगें	(पुल्लिंग)
	ہم جائیں گی	हम जाएँगे	(स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تم جاؤ گے	तुम जाओगे	(पुल्लिंग)

	تم جاؤ گی	तुम जाओगी	(स्त्रीलिंग)
	آپ جائیں گے	आप जाएँगे	(पुल्लिंग)
	آپ جائیں گی	आप जाएँगी	(स्त्रीलिंग)
अन्य पुरुष	وہ جائیں گے	वो जाएँगे	(पुल्लिंग)
	وہ جائیں گی	वो जाएँगी	(स्त्रीलिंग)

उदाहरण :

(1) میں کل آگرہ جاؤں گا

मैं कल आगरा जाऊँगा।

(2) ہم کتابیں کل خریدیں گے

हम किताबे कल खरीदेंगे।

(3) اب وہ لوگ ایک سال بعد آئیں گے

अब वो लोग एक साल बाद आएँगे।

अभ्यास – 1

1. नीचे लिखे वाक्यों में काल की पहचान करे :

(क) حامد بازار گیا

(ख) بچے میدان میں کھیل رہے تھے

(ग) میں اپنا سبق یاد کر رہا ہوں

(घ) تم تماشا دیکھ رہے ہو

2. नीचे लिखे क्रिया पदबंधों से खाली स्थान भरें :

کام کر رہے تھے دوڑ رہے تھے ہو رہا تھا گر گئے

کھیل رہے تھے کھانا کھا رہے تھے جا رہے تھے

(क) مزدور شام کو ....

(ख) وہ لوگ سڑک پر ....

(ग) تم گاڑی کی طرف ....

(घ) اس وقت ہم ....

(च) میدان میں تماشا ....

(छ) وہ درخت سے ....

(ज) بچے اسکول میں..........................

3. नीचे लिखे वाक्यों में क्रिया के काल की पहचान करके दिए गए स्थान में लिखें :

نکل جائے گا پہنچ رہا ہے دیکھیں گے نکل جائے گا

سو جا بھاگ گیا چھوڑ جائیں گے

....

....

....

....

....

....

....

अभ्यास – 2

1. नीचे लिखे वाक्यों में क्रिया के काल की पहचान करके दिए गए स्थान में लिखें :

(क) ساجدہ اس مدرسے میں پڑھتی ہے

....

....

(ग) ظفر اس دکان میں کام کرتا تھا

....

....

(ग) آج شام حامد بنارس جائے گا

....

....

2. नीचे लिखी क्रियाओं से वर्तमान, भूत एव भविष्य काल संबंधी पन्द्रह वाक्य बनाईए :

جانا خریدنا پڑھنا لکھنا بولنا

3. वर्तमान/भूतकालिक क्रियारूपों से ख़ाली स्थान भर कर वाक्य पूरा करें :

(1) ساجدہ بازار میں ....

(2) اس نے مجھ سے..............................

(3) کل سے مسلسل بادل ....

(4) وہ برسوں سے اس کارخانے میں ....

(5) نیک انسان ہر زمانے میں ....

(6) کل رات لال قلعہ کے مشاعرہ میں اس شاعر نے ....

(7) اُردو زبان آئندہ زمانے میں بھی ....

....

इकाई 2

पूर्णकालिक क्रिया रूप

संरचना :

3.2.0 उद्देश्य

3.2.1 भूमिका

3.2.2 पूर्ण वर्तमान कालिक रूप

3.2.3 पूर्ण भूतकालिक रूप

3.2.4 पूर्णकालिक कृदंत विशेषण

3.2.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढने के उपरांत आप नीचे लिखे क्रिया रूपों को समझ लेंगे:

- वर्तमान पूर्णकालिक
- भूत पूर्णकालिक
- पूर्णकालिक कृदंत घटक

3.2.1 भूमिका

भूतकाल संबंधी घटना से उत्पन्न स्थिति अथवा पूर्णरूप से संपन्न हुए कार्य की अभिव्यक्ति पूर्णकालिक क्रियारूप से होती है। इस प्रकार की क्रिया को पूर्णकालिक कृदंत घटक कहते हैं और इसके अंत में विभक्ति सहायक क्रिया जुडती है।

अपूर्ण कालिक क्रियाए अन्विति में कर्ता अथवा सर्वनाम की संज्ञा के पुरुष एवं वचन अनुसार होती हैं, जैसे,

(1) سیما بازار جائے گی

सीमा बाजार जाएगी।

(2) احمد بازار جائے گا

अहमद बाजार जाएगा।

उपरोक्त वाक्यों में देखिए कि कर्ता की अन्विति क्रिया अनुसार होती है। जैसे, سیما ، جائے گی और احمد ، جائے گا के साथ आता है। पूर्ण क्रियाओं मे यह अन्विति क्रियाओं के अकर्मक एवं सकर्मक रूप पर निर्भर होती है चूँकि आप जानते हैं कि अकर्मक क्रिया बिना कर्म और सकर्मक क्रिया कर्म के साथ आती है। अगर पूर्णकाल में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त है तो इसकी अन्विति कर्ता के साथ होगी, जैसे :

(3) لڑکا گھر چلا گیا

लडका घर चला गया।

(4) لڑکی گھر چلی گئی

लडकी घर चली गई।

ऊपर लिखे वाक्यों में क्रिया की अन्विति कर्ता के साथ है। گھر (घर) क्रिया विशेषण है क्योंकि यह प्रश्न کہاں گیا/گئی ہے؟ (कहाँ गया / गई है) का उत्तर है। अपितु कुछ उदाहरण ऐसे भी हैं :

(5) لڑکے نے دودھ پیا

लडके ने दूध पिया।

(6) لڑکی نے دودھ پیا

लडकी ने दूध पिया।

इन वाक्यों में پیا (पिया) की अन्विति केवल دودھ (दूध) से है जोकि दोनो वाक्यों में कर्म है जिसके उपरांत نے आया है और यह तिर्यक कारक है। यह भी गौर तलब है कि जब भी क्रिया के उपरांत परसर्ग, प्रायः کو (को) आता है तो क्रिया पुल्लिंग होती है, जैसे :

(7) میں نے کتاب پڑھی

मैंने किताब पढी।

(8) میں نے کتاب کو پڑھا

मैंने किताब को पढा।

(9) احمد نے لڑکیوں کو دیکھا

अहमद ने लडकियों को देखा।

अंतिम दोनों वाक्यों में क्रिया پڑھا (पढा) और دیکھا (देखा) पुल्लिंग रूप हैं जबकि दोनों कर्म کتاب (किताब) और لڑکیاں (लडकियां) स्त्रीलिंग हैं और इनके उपरांत परसर्ग نے इस्तेमाल हुआ है। ऐसे वाक्यों मे परसर्ग کو (को) के कारण क्रिया पुल्लिंग रूप में प्रयुक्त होती है। पूर्णकाल में अन्विति के नियम निम्नलिखित हैं :

(1) अगर संज्ञा के बाद क्रिया आती है तो क्रिया का रूप इस सज्ञा के पुरुष एवं वचन के अनुसार होता है।

(2) अगर क्रिया से पहले कोई संज्ञा नहीं है अथवा संज्ञा का रूप 1 भी नहीं है तो क्रिया की अन्विति अन्य पुरुष पुल्लिंग एकवचन से होती है।

अत पूर्ण कालिक क्रियाओं में पूर्ण क्रिया रूप ऊपर लिखे सिद्धांत अनुसार बिना सहायक क्रिया के होता है। पूर्णकाल से अभिप्राय भूतकाल में किसी निश्चित समय पर संपन्न हुआ कार्य है :

(10) لڑکا سینما دیکھنے گیا

लडका सिनेमा देखने गया।

(11) اُس نے جلدی سے کام کیا

उसने जल्दी से काम किया।

3.2.2 पूर्ण कालिक वर्तमान रूप

निकट भूत में पूर्ण हुआ कार्य अथवा स्थिति पूर्ण वर्तमान रूप में अभिव्यक्त की जाती है। चूंकि पूर्ण हुए कार्य का संबंध वर्तमान के साथ कायम रहता है इसी वजह से इसमें वर्तमान सहायक की क्रिया मुख्य क्रिया के बाद जुड़ती है। नीचे लिखे वाक्यों में جانا (जाना) क्रिया के पूर्ण वर्तमान रूप देखिए :

एकवचन :

उत्तम पुरुष	میں گیا ہوں	मैं गया हूँ	(पुल्लिंग)
	میں گئی ہوں	मैं गई हूँ	(स्त्रीलिंग)

मध्यम पुरुष	تو گیا/گئی ہے	तू गया / गई है	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
	تم گئے ہو/گئی ہو	तुम गए हो / गई हो	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
	آپ گئے ہیں/گئی ہیں	आप गये हैं / गई हैं	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
अन्य पुरुष	وہ گیا ہے	वह गया है	(पुल्लिंग)
	وہ گئی ہے	वह गई है	(स्त्रीलिंग)

बहुवचन :

उत्तम पुरुष	ہم گئے ہیں	हम गए हैं	(पुल्लिंग)
	ہم گئے ہیں	हम गए हैं	(स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تم گئے ہو	तुम गए हो	(पुल्लिंग)
	تم گئی ہو	तुम गई हो	(स्त्रीलिंग)
	آپ گئے ہیں	आप गए हैं	(पुल्लिंग)
	آپ گئی ہیں	आप गई हैं	(स्त्रीलिंग)
अन्य पुरुष	وہ گئے ہیں	वो गए हैं	(पुल्लिंग)
	وہ گئی ہیں	वो गई हैं	(स्त्रीलिंग)

उदाहरण :

(1) وہ آج بنارس گیا ہے

वो आज बनारस गया है।

(2) آج میں نے کھانا نہیں کھایا ہے

आज मैंने खाना नहीं खाया है।

(3) اس نے کتاب پڑھی ہے

उसने किताब पढी है।

3.2.3 पूर्ण भूतकालिक रूप

पूर्ण भूतकालिक क्रिया रूप वह है जिसमें कार्य सम्पन्न दूरस्थ भूतकाल में हो चुका है। इसमें पूर्णकालिक रूप भूतकालिक सहायक क्रिया के साथ इस्तेमाल होता है। अगर क्रिया अकर्मक है तो क्रिया की अन्विति कर्ता के साथ अन्यथा सकर्मक में मुख्य कर्म के साथ होती है। नीचे लिखे वाक्यों में جانا (जाना) के पूर्ण

भूतकालिक क्रिया रूप का इस्तेमाल देखिए :

एकवचन :

उत्तम पुरुष	میں گیا تھا	मैं गया था	(पुल्लिंग)
	میں گئی تھی	मैं गई थी	(स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تو گیا تھا/گئی تھی	तू गया था / गई थी	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
	تم گئے تھے/گئی تھیں	तुम गए थे / गई थीं	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
	آپ گئے تھے/گئی تھیں	आप गए थे / गई थीं	(पुल्लिंग / स्त्रीलिंग)
अन्य पुरुष	وہ گیا تھا	वो गया था	(पुल्लिंग)
	وہ گئی تھی	वो गई थी	(स्त्रीलिंग)

बहुवचन :

उत्तम पुरुष	ہم گئے تھے	हम गए थे	(पुल्लिंग)
	ہم گئی تھیں	हम गई थीं	(स्त्रीलिंग)
मध्यम पुरुष	تم گئے تھے	तुम गए थे	(पुल्लिंग)
	تم گئی تھیں	तुम गई थीं	(स्त्रीलिंग)
	آپ گئے تھے	आप गए थे	(पुल्लिंग)
	آپ گئی تھیں	आप गई थी	(स्त्रीलिंग)
अन्य पुरुष	وہ گئے تھے	वो गए थे	(पुल्लिंग)
	وہ گئی تھیں	वो गई थीं	(स्त्रीलिंग)

उदाहरण :

(1) وہ عید پر گھر آیا تھا

वो ईद पर घर गया था।

(2) اُس نے دیوالی پر بہت مٹھائی کھائی تھی

उसने दीवाली पर बहुत मिठाइ खाई थी।

(3) پچھلے جلسے میں ہم سب نے گانے گائے تھے

पिछले जलसे में हम सबने गाने गाए थे।

3.2.4 पूर्णकालिक कृदंत विशेषण

पूर्णकालिक कृदंत विशेषण बनाने के लिए धातु में परप्रत्यय یں، ی، ے، ا، یا लगाया जाता है, जैसे :

رکنا (रुकना)	→	رکا (रुका)
سننا (सुनना)	→	سنا (सुना)

رکنا का पुल्लिंग पूर्णकालिक कृदंत विशेषण एक वचन رکا और बहुवचन رکے (रुके) है जबकि स्त्रीलिंग एकवचन رکی (रुकी) और बहुवचन رکیں (रुकीं) बनेगा। धातु रूप में अंत्यासर ا...... (आ) होने की स्थिति में ا...... (आ) से पूर्व ی (य) जुड़ेगा, जैसे :

کھایا	←	(खाया)	کھا+ا (खाया)
سویا	←	(सोया)	سو+ا (सोया)
پیا	←	(पिया)	پی+ا (पिया)

लेकिन धातु रूप में अंत्याक्षर ی (ई) होने की स्थिति में जब +ی (ई) जुडती है तो शब्द में केवल एक ی (ई) रह जाती है, जैसे :

پی (पी) ← پی+ی (पी)

अभ्यास – 1

1. नीचे के वाक्यों में काल रूप की पहचान कर दिए गए स्थान में लिखिए :

(क) احمد بازار سے اردو کا قاعدہ لایا ہے

....

(ख) وہ کل بنارس چلا گیا ہے

....

(ग) شیام نے اپنا سبق حفظ کر لیا تھا

....

(घ) لڑکے نے سیب کھایا تھا

....

(च) فہمیدہ نے غزل سنائی ہے

....

2. नीचे दी गई क्रियाओं में से उचित क्रिया भर कर वाक्यों को पूरा कीजिए :

پہنچ گیا   چھوٹ گئی تھی   آ گئی تھی

تعریف کی   حفظ کر چکا تھا   سنائی

(क) وہ وقت پر ....

(ख) کل ساجدہ کی گاڑی ....

(ग) استاد نے شاگرد کی ....

(घ) حامد غالب کا دیوان ....

(च) موہن نے ایک عجیب و غریب داستان..................

3. नीचे दी गई मूल क्रियाओं के भूत/वर्तमान कालिक रूप इस्तेमाल कर वाक्य बनाईए :

جانا   چڑھنا   صبر رکھنا   شعر کہنا

لکھنا   سوار ہونا

4. नीचे दिए गए पैराग्राफ में वर्तमान/भूतकालिक क्रिया अथवा पूर्णकालिक कृदंत विशेषण बताईए :

رات کو جب وہ روٹیاں دے کر چلی گئی تو دونوں رسیاں چبانے لگے۔ لیکن رسّی موٹی تھی۔ اچانک دروازہ کھلا اور وہی لڑکی باہر نکلی، دونوں سر جھکا کر اس کے سامنے کھڑے ہوگئے۔ اس نے ان کی پیشانی سہلائی اور بولی ''کھول دیتی ہوں، چپکے سے بھاگ جاؤ نہیں تو یہ لوگ تمھیں مار ڈالیں گے۔ آج گھر میں مشورہ ہو چکا تھا کہ تمھاری ناک میں ناتھ ڈال دی جائے گی''

(پریم چند)

अभ्यास – 2

1. नीचे लिखे वाक्यों में पूर्णकालिक क्रिया रूप भी पहचान कर दिए गए स्थान में लिखिए :

(क) حامد اپنا سبق حفظ کر چکا تھا

....

(ख) ہم نے آج صبح سامان خرید لیا ہے

....

(ग) کل کے اخبار میں یہ خبر چھپ چکی تھی

....

(घ) شاگردوں نے استاد سے کتابیں حاصل کرلی تھیں

....

(च) ہمارے ملک میں اناج کی پیداوار بڑھ چکی ہے

....

2. नीचे दी गई मूल क्रियाओं के वर्तमान, पूर्ण भूतकालिक रूप लिखिए एवं उनसे वाक्य भी बनाईए :

خریدنا، پہچاننا ، سبق یاد کرنا ، خوش آمدید کہنا ، حفاظت کرنا ،

3. नीचे के वाक्यों को उचित क्रिया रूपों से पूरा कीजिए :

(क) احمد اسکول سے ....

(ख) آج ہمارے محلّے میں ایک جلسہ ....

(ग) تمھارے والد کل بمبئی سے ....

(घ) اُن کے چچا نے کل سے ایک نئے دفتر..............................

(च) آپ کی والدہ ہمارے بھائی کے ساتھ آگرہ ....

4. नीचे के वाक्यों में अकर्मक क्रिया को पहचान करके लिखें :

(क) حامد میدان میں کرکٹ کھیل چکا ہے

(ख) شیام کتاب پڑھ رہا ہے

(ग) کل رات ساجدہ اپنی ہمشیرہ کے گھر سو گئی تھی

(घ) کتا سڑک پر دوڑ رہا تھا

(च) ٹرین نئی دہلی سے چھوٹ گئی تھی

....

इकाई 3

आश्रित, संभाव्य, आज्ञार्थक, भावार्थक एवं वृत्ति

संरचना :

3.3.0 उद्देश्य

3.3.1 भूमिका

3.3.2 आश्रित वाक्यों में क्रिया रूप

3.3.3 पूर्वमान्यता बोधक क्रिया रूप

3.3.4 अंतःकरण भाव, आज्ञा, प्रार्थना एवं विनम्रता सूचक क्रियारूप

3.3.5 वृत्ति

3.3.6 भावार्थक वाक्यों में क्रिया रूप

3.3.0 उद्देश्य

प्रस्तुत इकाई को पढने से आप जानेंगे ,

- शर्तसूचक वाक्यों में क्रिया रूप
- आज्ञार्थक वाक्यों में क्रिया रूप
- भावार्थक वाक्यों में क्रिया रूप
- वृत्ति एवं वृत्ति सहित प्रयुक्त क्रिया रूप

3.3.1 भूमिका

भिन्न वाक्य रचनाओं में विभिन्न क्रिया रूप इस्तेमाल होते हैं। विभिन्न रूपों से रचित समरूपी क्रिया रूप भी प्रयुक्त हो सकते हैं, जैसे भविष्य कालिक क्रिया रूप, शर्तसूचक वाक्य में अथवा आज्ञासूचक वाक्य आज्ञा देने अथवा याचना हेतु

अथवा विनम्रता के लिए इस प्रकार के क्रिया रूप एवं वृत्ति रूप इस इकाई मे बताए गए हैं।

3.3.2 आश्रित वाक्यों में क्रिया रूप

उर्दू में आश्रित वाक्य के दो उपवाक्य होते हैं। اگر (अगर) उपवाक्य (शर्तसूचक) तथा تو (तो) उपवाक्य (परिणाम बोधक उपवाक्य)। उपवाक्य वाक्य की तरह संपूर्ण इकाई होते हैं यद्यपि वे वाक्य की तरह स्वतंत्र नहीं होते। नीचे लिखे वाक्य पढ़िये :

(1) اگر وہ آئے گا تو میں اُسے کتاب دوں گا

अगर वो आएगा तो मैं उसे किताब दूंगा।

इस वाक्य में اگر (अगर) उपवाक्य اگر وہ آئے گا

और تو میں اسے کتاب دوں گا उपवाक्य है।

उपवाक्य में अगर भविष्यकालिक अथवा संभावनार्थक रूप اگر का उपयोग किया जाए तो भविष्य काल संभावना अथवा अज्ञार्थ रूप تو उपवाक्य में मिलते है, जैसे :

(2) اگر تم محنت کروگے تو ضرور کامیاب ہو جاؤگے

अगर तुम मेहनत करोगे तो जरूर कामयाब हो जाओगे।

(3) اگر آپ چاہیں تو ہم سب ساتھ چلیں گے

अगर आप चाहे तो हम सब साथ चलेंगे।

(4) اگر آپ یہاں آئیں تو صرف اردو میں بولیں

अगर आप यहा आयें तो सिर्फ उर्दू में बोलें।

(5) اگر وقت ہو تو میرے ساتھ چلو

अगर वक्त हो तो मेरे साथ चलो।

اگر उपवाक्य में पूर्णकाल जैसे آیا भी प्रयुक्त होता है, जैसे :

(6) اگر احمد آیا تو ہم سب ساتھ چلیں گے

अगर अहमद आया तो हम सब साथ चलेंगे।

(7) اگر کار ملی تو ہم بس سے نہیں جائیں گے

अगर कार मिली तो हम बस से नहीं जायेंगे।

ऊपर लिखे सभी वाक्य संभावित कार्य को दर्शाते है। लेकिन यदि दोनों उपवाक्यों में संभावना सूचक تا (ता) लगाया जाए तो पूरा वाक्य सशर्त होगा जो संभावना से दूरी को व्यक्त करता है, जैसे :

(8) اگر میں امیر ہوتا تو محل میں رہتا

अगर मैं अमीर होता तो महल में रहता।

(9) اگر آپ کی جگہ میں ہوتا تو کبھی انکار نہیں کرتا

अगर आपकी जगह मैं होता तो कभी इंकार नहीं करता।

यह वाक्य काल दृष्टि से भूतकाल का भी माना जा सकता है अर्थात् :

اگر میں آپ کی جگہ ہوتا تو انکار نہیں کرتا

अगर मैं आपकी जगह होता तो इंकार नहीं करता

3.3.3 पूर्वमान्यता बोधक क्रिया रूप

पूर्वमान्यता व्यक्त करने के लिए पूर्वमान्यता सूचक क्रिया रूप का इस्तेमाल किया जाता है। उर्दू में ہونا (होना) का भविष्य कालिक रूप, अपूर्ण भविष्य, भविष्य अविच्छन्न तथा पूर्ण भविष्य को पूर्वमान्यता व्यक्त करने के लिए इस्तेमाल करते हैं, जैसे :

(1) آج کل اسکولوں کی فیس بہت زیادہ ہے

आजकल स्कूलों की फीस बहुत ज्यादा है।

(2) وہ لمبا لڑکا آپ کا دوست ہوگا

वो लम्बा लड़का आपका दोस्त है।

(3) وہ ابھی آتا ہوگا

वो अभी आता होगा।

(4) احمد حامد کا دوست ہے، وہ اس کی مدد کرتا ہوگا

अहमद, हामिद का दोस्त है वो उसकी मदद करता होगा।

(5) آپ اکیلے جا رہے ہوں گے

आप अकेले जा रहे होंगे।

(6) آپ کے لیے کتاب ایران سے آ رہی ہوگی

आप के लिए किताब ईरान से आ रही होगी।

(7) آپ امتحان میں پاس ہو گئے ہوں گے

आप इम्तहान में पास हो गए होंगे।

(8) ابّا آپ کے لیے جاپان سے کتابیں لائے ہوں گے

अब्बा आपके लिए जापान से किताबें लाये होंगे।

3.3.4 अंतःकरण भाव, आज्ञा, प्रार्थना एवं विनम्रता सूचक क्रिया रूप

अंतःकरण के भावार्थ को संभावनार्थक क्रिया द्वारा व्यक्त किया जाता है। इसी क्रिया रूप द्वारा प्रस्ताव भी प्रस्तुत किये जाते हैं :

(1) کیا ہم باہر چلیں؟

क्या हम बाहर चलें?

(2) آپ اندر آئیں

आप अन्दर आयें

(3) ہو سکتا ہے کہ وہ نہ آئے

हो सकता है कि वो न आये।

अवश्यंभावी भावार्थ के लिए :

(4) یہ ضروری ہے کہ وہ اچھی طرح پڑھے

यह जरूरी है कि वो अच्छी तरह पढ़े।

आज्ञार्थक भाव, आदेश अथवा प्रार्थना द्वारा व्यक्त होता है। अतः यह केवल मध्यम पुरुष एकवचन तथा बहुवचन के लिए प्रयुक्त होता है। नीचे दिये गए वाक्यों की तुलना कीजिये :

	(क)	(ख)	(ग)	(घ)
(तू खा)	تو کھا	تم کھاؤ	آپ کھائیے	آپ کھائیے گا
(तू चल)	تو چل	تم چلو	آپ چلیں	آپ چلیں گے
(तू जा)	تو جا	تم جاؤ	آپ جائیے	آپ جائیے گا

(तू कर)	تو کر	تم کرو	آپ دیجیے	آپ دیجیے گا
(तू दे)	تو دے	تم دو	آپ دیجیے	آپ دیجیے گا
(तू पी)	تو پی	تم پیو	آپ پیجیے	آپ پیجیے گا

देखिये कि (क) में तुमर्थ का धातु रूप इस्तेमाल हुआ है, जैसे جانا से جا :

(5) تو یہاں سے جا

तू यहां से जा।

تو का प्रयोग उर्दू में केवल अतिघनिष्ठ अथवा कनिष्ठ या भर्तसना हेतु ही होता है।

(ख) में و (ओ) जोडा गया है। تم (तुम) प्रयोग एकवचन तथा बहुवचन दोनों के लिए मान्य है :

(6) تم یہاں سے جاؤ

तुम यहां से जाओ।

دینا तुमर्थ में देखिये कि इसका रूप دے+دو तथा इसी प्रकार لینا का لےلو परिवर्तित होता है।

(ग) में یے (इये) धातु रूप में کھا जोडे जाने पर جایئے बनता है। याद रखें कि यह रूप नियमित नहीं है, जैसे :

کیجیے ← کر+یے **(कीजिए) नम्रता हेतु**

پیجیے ← پی+یے **(पीजिए) नम्रता हेतु**

ये क्रिया रूप नम्रता प्रकट करने के लिए प्रयुक्त होते हैं।

(घ) रूप जिनमें یے के स्थान पर یجیے (इजिए) जुड़ा है अतिविनम्र अतिविनम्रता प्रदर्शित करता है।

(7) آپ پانی پیجیے

आप पानी पीजिये।

(8) آپ پانی پیجیے گا

आप पानी पीजिएगा।

3.3.5 वृत्ति

वृत्ति कहलाने वाली सहायक क्रियाओं को भी वक्ता की योग्यता बताने के लिए प्रयुक्त किया जाता है। उर्दू में मुख्य वृत्तियां سکنا तथा چکنا، پانا، چاہنا हैं। इन वृत्तियों के साथ सदैव मुख्य क्रिया का मूल रूप जुड़ता है, जैसे جاسکنا (जा सकना), جاچکنا (जा चुकना), کرپانا (कर पाना)। इनमें मुख्य क्रिया केवल मूल रूप में प्रयुक्त हो रही है। संख्या एवं लिंग की अन्विति कर्ता से होती है तथा अंत में काल सूचक सहायक क्रिया, जैसे ہے (है) अथवा تھا (था) जुडती है। लेकिन چاہنا (चाहना) कारक में मूल धातु जुडती है। जैसे جاناچاہئے (जाना चाहिए), ملنا چاہئے (मिलना चाहिए)। आईये संक्षिप्त में इन वृत्तियों अथवा सहायक क्रियाओं को पढें।

سکنا (सकना) सहायक क्रिया योग्य होने, घटना के संभाव्य घटन की द्योतक है, जैसे .

(1) میرا پیر ٹھیک ہوگیا ہے اب میں چل سکتا ہوں
मेरा पैर ठीक हो गया है अब मैं चल सकता हूं।

(2) دونوں فوجیں آمنے سامنے ہیں جنگ چھڑ سکتی ہے
दोनों फौजें आमने सामने हैं जंग छिड सकती है।

چکنا (चुकना) सहायक क्रिया वाक्य में उल्लेखनीय कार्य के समापन को इंगित करती है, जैसे,

(3) گاڑی آ چکی ہے
गाडी आ चुकी है।

(4) جب ہم اسٹیشن پہنچے تو گاڑی آچکی تھی
जब हम स्टेशन पहुंचे तो गाडी आ चुकी थी।

پانا (पाना) सहायक क्रिया से किसी कार्य के होने की संभावना की अभिव्यक्त होती है। कुछ विभिक्तियों में यह नकारात्मक अर्थ का द्योतक भी है, जैसे,

(5) ایسے موسم میں کھیل پانا مشکل ہے
ऐसे मौसम में खेल पाना मुश्किल है।

(6) جلسے میں اتنا شور ہوا کہ کچھ بھی سن نہ پائے

जलसे में इतना शोर हुआ कि कुछ भी सुन न पाये।

(7) اُسے چوٹ لگی ہے کل کا میچ وہ نہ کھیل پائے گا

उसे चोट लगी है वो कल का मैच न खेल पायेगा।

چاہیے (चाहिए) सहायक क्रिया आदेशात्मक उपदेशात्मक अभिव्यक्ति के लिए इस्तेमाल होती है :

(8) آپ کو یہاں رہنا چاہیے

आपको यहां रहना चाहिए।

(9) آپ کو اُردو سیکھنی چاہیے

आपको उर्दू सीखनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इन सहायक क्रियाओं से पूर्व मुख्य क्रिया तुमर्थ रूप में प्रयोग होती है। क्रिया की अन्विति तुमर्थ पूर्व संज्ञा से होती है, जैसे वाक्य में संज्ञा اردو (उर्दू) स्त्रीलिंग है अतः तुमर्थ का अंतिम अक्षर نی (नी) है। यद्यपि कुछ अभिव्यक्तियों में اردو (उर्दू) के साथ نا (ना) का भी इस्तेमाल हो सकता है।

3.3.6 भाववाच्य वाक्यों में क्रिया रूप

उर्दू के भाववाच्य वाक्यों में क्रिया की अन्वित्ति वाक्य के मुख्य कर्म से होती है, और वाक्य में कर्ता के उपरौंत इस्तेमाल किया जाता है, जैसे,

(1) بچہ رنگ برنگے کھلونے پسند کرتا ہے

बच्चा रंग बिरंगे खिलौने पसन्द करता है।

(2) بچے کو رنگ برنگے کھلونے پسند ہیں

बच्चे को रंग–बिरंगे खिलौने पसन्द हैं।

प्रथम वाक्य में भाववाच्य क्रिया का इस्तेमाल हुआ है अर्थात پسند کرتا ہے कर्ता بچہ (बच्चा) के लिंग एवं संख्या अनुसार है। दूसरे वाक्य में क्रिया की अन्विति कर्म رنگ برنگے کھلونے (रंग बिरंगे खिलौने) से है।

भाववाच्य वाक्य की संरचना में तुमर्थ तथा ہے (है) का प्रयोग हुआ है। जबकि چاہیے (चाहिए) तथा तुमर्थ का प्रयोग ज़रूरत एवं नसीहत के लिए क्रमशः इस्तेमाल हुआ है, जैसे,

(3) ہمیں دلّی جانا ہے

हमें दिल्ली जाना है।

(4) ہم سب کو یہ کتاب پڑھنی چاہیے

हम सबको यह किताब पढ़नी चाहिए।

इसी तरह तुमर्थ + پڑھنا (पढ़ना) रूचि को अभिव्यक्त करता है, जैसे,

(5) ہم سب کو امتحان کے لیے پڑھنا پڑے گا

हम सबको इम्तहान के लिए पढ़ना पड़ेगा।

(6) مجھے شاعری کے لیے یہ کتاب پڑھنا پڑی

मुझे शायरी के लिए यह किताब पढ़नी पड़ी।

अभ्यास – 1

1. नीचे दिए गए वाक्यों को पूरा कीजिए :

(क) اگر وہ اسٹیشن وقت پر پہنچ جاتا ....

(ख) اگر آپ چاہیں..............................

(ग) اگر ان کا خط مجھے کل مل جاتا ....

(घ) اگر آج غروب آفتاب تک وہ لوگ نہیں آئے..............................

(च) اگر ان کے والد ہمارے گھر آجاتے..............................

2. हेतुमद्, संभावना तथा वृत्ति द्योतक क्रियाओं पर आधारित दस वाक्य बनाइए :

3. नीचे लिखे वाक्यों में वृत्ति की पहचान कीजिए :

